दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-282 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 18 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है विशेष सत्र : सीएम डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की यात्रा पूर्ण होने पर हुआ एक दिवसीय विशेष सत्र

**हमारी सरकार ने बीमारु राज्य की छवि से निकालकर प्रदेश को विकासशील और संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र में विधानसभा के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर विशेष सत्र में चर्चा का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि विधानसभा का विशेष सत्र सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। लोक कल्याणकारी राज्य के निर्माण के पथ पर अग्रसर व्यवस्था के लिए यह सत्र विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल को प्रणाम करते हुए कहा कि यह विशेष सत्र केवल औपचारिकता नहीं अपितु लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है। यह सत्र मध्यप्रदेश को सुखद, समृद्ध, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने के अपने संकल्प को दोहराने का अवसर है। विधानसभा की 70 साल की यात्रा हमारी लोकतांत्रिक यात्रा का प्रमाण है, यह सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने हाल ही में दो वर्ष पूर्ण किए हैं। इस अवधि में लिए गए दूरगामी निर्णय आने वाले समय में माइलस्टोन के रूप में जाने जाएंगे। यह निर्णय निश्चित ही जनता के जीवन में बदलाव का माध्यम बनेंगे। जनता के कष्ट कम कर उनके जीवन में खुशियों की बाहर लाना हमारी सरकार का प्रयास रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्षों तक बीमारू राज्य के रूप में पहचाना जाता रहा। हमारी पार्टी की सरकारों ने बीमारू की छवि से निकालकर प्रदेश को विकासशील और संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार ने पिछले 2 वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जल्द ही हम लोग राज्य को विकसित राज्य की सूची में आगे ले जाएंगे। हम ऐसा प्रदेश बनाएंगे जहां चारों ओर हरियाली होगी, उद्योग-धंधों का जाल होगा,जहां बेरोजगारी और गरीबी नहीं होगी, सभी सुखी और संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा यह संकल्प पूर्ण होगा, क्योंकि हमारे नेता, नीति और नियत सभी स्पष्ट हैं। हम पूरे आत्मविश्वास के साथ विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाकर ही दम लेंगे, इसके लिए हम मेहनत की पराकाष्ठा करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हमने 11 दिसंबर को नक्सलवाद के लाल सलाम को आखिरी सलाम किया है।

उन्होंने कहा कि यह विधानसभा के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि वर्ष 1999 में कांग्रेस पक्ष के एक मंत्री की नक्सलियों द्वारा निर्मम हत्या कर लोकतंत्र को चुनौती दी गई थी। लाल सलाम को आखरी सलाम कर इस सदन ने वही बदला चुकता किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद से जुड़े मॉडलों को ध्वस्त किया गया है। भारतीय मुजाहिदीन, आईएसआईएस समर्थक समूह टेरर फंडिंग, चरस नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## वेरिफिकेशन के बाद पांच राज्यों में वोटर लिस्ट जारी, एक करोड़ से ज्यादा नाम कटे

नई दिल्ली,(ए)। चुनाव आयोग के कराए गए एसआईआर या सामान्य शब्दों में कहें वोटर वेरिफिकेशन के बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 7.6फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय जहां इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे, वहीं ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई यानी 1.02 करोड़ नाम हटाए गए हैं। बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिह्नित किए गए हैं।



## इथियोपिया में गूंजा 'वंदे मातरम्', विदेशी कलाकारों की प्रस्तुति देख झूम उठे पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के सम्मान में आयोजित विशेष भोज के दौरान इथियोपियाई गायकों ने भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की बेहद सुरीली और मनमोहक प्रस्तुति दी। विदेशी धरती पर और विदेशी कलाकारों के मुख से अपनी संस्कृति के ये स्वर सुनकर प्रधानमंत्री मोदी बेहद भावुक और उत्साहित नजर आए। उन्होंने तालियां बजाकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया और इस पल को यादगार बताया।प्रधानमंत्री मोदी ने इस खास पल का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित डिनर में इथियोपियाई गायकों द्वारा 'वंदे मातरम्' का गायन सुनना एक अत्यंत भावुक क्षण था, वो भी ऐसे समय में जब भारत 'वंदे मातरम्' रचना के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।



## मीडिया रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया प्रचार को लेकर बनाए जाएंगे नियम, सुप्रीम कोर्ट ने दिए संकेत



नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया पर न्यायपालिका से जुड़ी घटनाओं के प्रसार को लेकर स्पष्ट नियम तय करने की दिशा में विचार करने के संकेत दिए हैं। यह मामला हाल ही में सामने आई उस घटना के बाद उठा है, जिसमें तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (CJI) पर जूता फेंकने की घटना हुई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर विस्तृत सुनवाई जनवरी में की जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) के साथ विचार-विमर्श कर संयुक्त सुझाव पेश करेगी। इन सुझावों में भविष्य में इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ, यदि कोई घटना होती है तो उसकी मीडिया रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया पर प्रसार को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश शामिल होंगे।यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की उस याचिका पर हो रही है, जिसमें अदालत परिसर में अनुचित आचरण करने वाले राकेश किशोर के खिलाफ कार्रवाई और ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग को विनियमित करने की मांग की गई है। हालांकि, इससे पहले तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया था कि राकेश किशोर के खिलाफ कार्रवाई का कोई इरादा नहीं है, क्योंकि पूर्व CJI जस्टिस गवई पहले ही उन्हें क्षमा कर चुके हैं। शीर्ष अदालत ने दो टूक कहा कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति को दंडित करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना और उनकी रिपोर्टिंग के लिए संतुलित व्यवस्था तैयार करना है। कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया पर न्यायपालिका से जुड़ी खबरों के प्रसार में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा और संस्थागत सम्मान बना रहे।

## नीतीश कुमार माफी मांग लें वरना... महिला के चेहरे से हिजाब हटाने पर पाकिस्तानी डॉन ने सीएम को दी धमकी

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब खींचने के विवाद में अब एक पाकिस्तानी डॉन भी कूद पड़ा है। पाकिस्तान के कुख्यात डॉन शहजाद भट्टी ने अपना एक वीडियो जारी कर धमकी दी है कि सीएम नीतीश माफी मांग लें वरना फिर ये मत कहना है कि चेतावनी नहीं दी गई थी। बता दें जब सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में नवनियुक्त एक आयुष चिकित्सक उस समय असहज हो गई, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान उनके चेहरे से हिजाब हटा दिया।इस घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। यह घटना मुख्यमंत्री सचिवालय 'संवाद' में सोमवार को आयोजित उस कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां एक हजार से अधिक आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे थे।



## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, पिकअप में आग लगने से तीन की जिंदा जलकर मौत

अलवर (आरएनएस)। राजस्थान के अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार अल सुबह एक भीषण हादसा हुआ। रैणी थाना अंतर्गत एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 131.5 पर दिल्ली से जयपुर जा रही एक पिकअप वाहन आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर लगने के तुरंत बाद पिकअप में चिंगारी उठी और देखते ही देखते वाहन आग का गोला बन गया। इस हादसे में पिकअप सवार तीन लोगों की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया।

## नेशनल हेराल्ड, मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



बेंगलुरु,(ए)। कर्नाटक कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को बेलगावी के सुवर्ण सौधा में गांधी प्रतिमा के पास केंद्र सरकार के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी करने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा हुआ था।

## मध्य प्रदेश-राजस्थान में शीतलहर जैसे हालात, जम्मू-कश्मीर में पारा 1.8 डिग्री पहुंचा

### दिल्ली में वायु प्रदूषण बहुत खराब स्थिति में



नई दिल्ली,(ए)। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में शीतलहर जैसे हालात बने हुए हैं। दोनों राज्यों के 19-19 शहरों में मंगलवार को तापमान 10डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ समेत कई जिलों में मंगलवार सुबह से ही कोहरा छाया रहा। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि नागौर में पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यूपी के 19 जिलों में बुधवार को शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया रहा। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश जैसी गिरती रहीं। लखनऊ, गोंडा, संभल, चंदौसी में विजिबिलिटी शून्य रिकार्ड की गई। सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार रात घने कोहरे के साथ तापमान माइनस 1.8डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिल्ली में धुंध के कारण इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर 10 फ्लाइट्स कैंसिल की गईं। दिल्ली मंगलवार को दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर था। यहां एक्यूआई 378 दर्ज किया गया। 425 एक्यूआई के साथ लाहौर पहले, सरायेवो दूसरे नंबर पर रहा।उत्तराखंड के निचले इलाकों में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया।

## यूनिफॉर्म का मजाक उड़ाने पर चौथी क्लास के छात्र ने किया सुसाइड, आईडी कार्ड की डोरी से बनाया फंदा

नई दिल्ली(आरएनएस)। हैदराबाद के चंदा नगर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 9 वर्षीय छात्र प्रशांत ने सुसाइड कर लिया।जानकारी के अनुसार प्रशांत ने कथित तौर पर अपने सहपाठियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की। जांच में सामने आया है कि प्रशांत अपने स्कूल में साथियों द्वारा किए जा रहे व्यवहार से गहरे तनाव में था। प्रशांत को उसके क्लासमेट्स अक्सर इस बात पर चिढ़ाते थे कि उसने अपनी स्कूल यूनिफॉर्म ठीक से नहीं पहनी है। प्रशांत जब स्कूल से लौटा, तो उसने न कपड़े बदले और न ही बैग उतारा।

## भाजपा सरकार में जनता की जान से खिलवाड़, नकली दवाओं और जहर का कारोबार सत्ता संरक्षण में फल-फूल रहा है : अखिलेश यादव



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में जनता की जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है और इसके पीछे सीधे तौर पर भाजपाई तंत्र की भूमिका है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जहरीली दवाएं सत्ता के संरक्षण में बाजार में उतारी जा रही हैं, जिससे आम जनता की जान खतरे में पड़ गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अवैध कारोबार और नशे का धंधा चरम पर है।

अवैध कारोबारियों को सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त है और उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार व अवैध धंधों का पूरा साम्राज्य खड़ा हो चुका है। उन्होंने कहा कि ऊपर से लेकर नीचे तक सब लोग इसमें मिले हुए हैं। एक ओर भाजपाई भ्रष्टाचार के जरिए सरकारी बजट को लूट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नकली सामान और दवाएं बनाकर प्रदेश की जनता को ठगा जा रहा है।

# रिश्वतखोर लिपिक का 90 हजार रूपये की मांग वाला वीडियो हुआ वायरल

## 20 हजार पहले उसके बाद 70 हजार देने की बात हो रही थी




नर्मदापुरम (निप्र)। अंतरजातीय विवाह योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रुपए की राशि दिलाने के एवज में डीलिंग बाबू मनोज सोनी के द्वारा 90 हजार की मांग की जा रही थी। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। घूसखोरी के आरोप में लोकायुक्त ने क्लर्क मनोज सोनी को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जनजातीय कार्य विभाग के इस लिपिक के द्वारा रिश्वत मांगते हुए कैमरे में कैद हुआ है। लोकायुक्त ने उसे रंगे हाथों पकड़ा है। लेकिन उससे पहले ही उसका डील करते हुए वीडियो सामने आ आया है। पिछले कुछ माह में ही लोकायुक्त ने दो मामले रिश्वतखोरी के पकड़े है। यह तो सामने आ गए। जागरूक लोगों ने बहुत हिम्मत करके पकड़वाने में होसला दिखाया है। लेकिन ऐसे चतुर और चालक हैं कि उनको नहीं पकड़ा जा सकता है। वे रिश्वत लेते जरूर हैं लेकिन सीधे नहीं लेते एजेंटों या दलालों के माध्यम से रिश्वत का खेल लंबे समय से चल रहा है। इसमें लोकायुक्त कुछ सरल तरीके निकाले तो और भी अनेक मगरमछ, और कई मछलियां पकड़ा सकते हैं। लेकिन वे इतने शातिर तरीके से रिश्वत लेते हैं कि उनको सीधे सीधे पकड़ना मुश्किल ही नहीं टेडी खीर है।

### बनते बहुत ईमानदार, बिना सेवा शुल्क नहीं होते काम

मुख्यालय के अनेक कार्यालय ऐसे हैं जहां पर कर्ता धर्ता सहित उनके मातहत बिना रिश्वत के लेन देने वाले कार्य नहीं करते हैं। जबकि वे बहुत ईमानदार बनते हैं। लेकिन कितने ईमानदार हैं यह बात कभी कभार लोकायुक्त जैसी कार्रवाई के चलते समाने आ जाती है।

### अब और ज्यादा सतर्क हो गए

हाल के दिनों में रिश्वत कांड उजागर होने से अनेक विभाग के घूसखोरों में बैचेनी बनी हुई है। अब वे कुछ सतर्क हो गए हैं। सीधे नहीं लेकर चुपचाप वाले मार्ग चुन रहे हैं।

### कमीशन खोरों पर कब होगी कार्रवाई ?

रिश्वतखोरों पर तो कुछ कार्रवाई होती दिख रही है लेकिन जो लोग बड़े दड़े गमी के साथ कमिशन ले रहे हैं। उनको कब और कैंसे पकड़ा जाएगा? इसमें मुख्य रूप से नगरीय निकायों , पंचायतों, सहित अन्य अनेक विभागों के लेखा से संबंधित या उसके इर्द गिर्द वाले कार्यो के लिए जो सौदागर के रूप में कुछ एजेंट तथा कुछ दलाल किस्म कर्मचारी और उनसे मिलने जुलने वाले लोगों पर भी प्लानिंग के साथ कार्रवाई होने की आवश्यकता है। हालाकि अनेक लोगों ने इसे सिस्टम जैसा मान लिया है। तथा कार्य कराने के लिए स्वयं ही चुपचाप दाम दे दिए जाते हैं जिससे कमीशन खोरों के होंसले बुलंद होते हैं। वे भी इतने ईमानदार बनते हैं जैसे कभी कमिशन लिया ही नहीं हो।




## आईएएस की गाड़ी रोकना पुलिसकर्मियों को पड़ गया महंगा, एसपी ने दफ्तर बुलवाकर लगवाई उठक-बैठक



पणजी (आरएनएस)। गोवा में एक आईएएस अधिकारी की कार को चेकिंग के लिए रोकना पुलिसकर्मियों को इतना भारी पड़ गया कि उन्हें अपने ही विभाग के उच्च अधिकारी के गुस्से का शिकार होना पड़ा। उत्तरी गोवा में वीआईपी कल्चर और पुलिस प्रताड़ना का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा एक आईएएस अधिकारी की गाड़ी रोकने पर एसपी (नॉर्थ) हरिश्चंद्र मदकाइकर ने उन्हें अपने ऑफिस में बुलाकर उठक-बैठक लगाने की सजा दी। इस घटना ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है और मामला पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तक पहुंच गया है, जिन्होंने एसपी की इस कार्रवाई को नियमों के खिलाफ बताया है। घटनाक्रम के मुताबिक, ओल्ड गोवा पुलिस और इंडियन रिजर्व बटालियन (IRBn) के जवान सांताक्रूज इलाके में नाकाबंदी कर रहे थे।

K ✌ K

राजधानी समाचार





# युवाओं पर देश को विश्वगुरु बनाने की महती जिम्मेदारी : राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल

## राज्यपाल अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल मानद उपाधियाँ ले. जनरल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह और डॉ वाई.के. मिश्रा को



भोपाल (ए.)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक देश को विश्वगुरू और आधुनिकतम विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। युवाओं पर देश को विश्वगुरू बनाने की महती जिम्मेदारी है। युवा अपनी प्रतिभा, लगन और देशभक्ति से इस संकल्प पूरा करने के लिए दृढ़-प्रतिज्ञ रहे। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के तेरहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की। लेफ्टिनेंट जनरल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह को डी. लिट तथा प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. युगल किशोर मिश्रा को डी.एस.ई. की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नव निर्मित रिसर्च, इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर का और विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का लोकार्पण किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी दीक्षांत शपथ को आत्मसात करें। उसका आजीवन अनुसरण करें। शिक्षक, विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा देने के साथ ही भारतीयता के संस्कार और जीवन जीने की कला अवश्य सिखाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लें। राज्यपाल श्री पटेल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा रामायण पीठ की स्थापना की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि पीठ रामायण पर शोध करने वाले विद्यार्थियों और विद्वानों को नए अवसर प्रदान करेगी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में देश के प्राचीन ज्ञान और परंपराओं का आधुनिक विज्ञान के साथ समावेश किया गया है। इससे देश की शिक्षा प्रणाली को भारतीयता का मजबूत आधार मिला है। विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कारों की शिक्षा मिल रही है। समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरदास ने कहा कि जात-पात और धर्म का भेद मिटाकर हम सब सच्चे मन से भारतीय बनकर भारत माँ की सेवा करें। भारत के प्राचीन दर्शन और शिक्षा के महान संस्कारों को आत्मसात करें। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के समक्ष विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालय के आचार्यगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# झुग्गियों में बनाकर बेचे जा रहे थे, चाकू-छुरी और तलवार, हथियारों का मिला जखीरा

### - आरोपी दो भाईयो से 75 चाकू 4 तलवार सहित 79 शस्त्र बरामद



भोपाल(ए.)। शहर की कमला नगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दो ऐसे आरोपियो को दबोचा है, जो अपनी झुग्गियों में ही धारदार हथियार तैयार कर उन्हें बेचने का धंधा कर रहे थे। दोनों आरोपी रिश्ते में भाई लगते है, उन्होनें घर के एक कमरे में कारखाना बना रखा था। यहां से बड़े पैमाने पर हथियारों को तैयार करने के बाद उन्हें बेचने का काम करते थे। लंबे समय से पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई के प्रयास कर रही थी। जिसकी भनक लगते ही आरोपियों ने कारखाने में ताला लगा दिया था। गिरफ्तार आरोपियो के पास से 75 चाकू, 4 तलवारे सहित 79 जानलेवा हथियार बरामद किये गये है। कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया की बीते दिन 16 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि थाने के नजदीक ही स्थित बापू नगर में कुछ लोग अवैध रूप से छुरी, चाकू और तलवार बनाकर उसे वेचने का काम करते है। खबर मिलते ही थाना पुलिस की चार टीमो ने घेराबंदी करते हुए बापू नगर की दो झुग्गियों में दबिश दी। पुलिस टीम भी झुग्गियो में हथियारो का जखीरा देखकर दंग रह गई। दोनो ठिकानो से पुलिस ने 75 चाकू-छुरी और 4 तलवार सहित 79 हथियार बरामद किये। दोनो झुग्गियो से पुलिस ने दो आरोपियो चंदन विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा (31) निवासी, झुग्गी नंबर 54 बापू नगर और दुर्गेश विश्वकर्मा पिता प्रभुलाल विश्वकर्मा (21) निवासी, झुग्गी नंबर 16 बापू नगर को हिरासत में ले लिया। बताया गया है की पुलिस टीमो ने आरोपी दुर्गेश विश्वकर्मा की झुग्गी से 4 तलवार 5 चाकू और चंदन विश्वकर्मा के ठिकाने से 70 चाकू-छुरी बरामद किए है। पुलिस अधिकारियो ने बताया की हथियारों की तस्करी के आरोप में दुर्गेश विश्वकर्मा और चंदन विश्वकर्मा को करीब एक साल पहले भी गिरफ्तार किया था। तब भी इनके ठिकाने से बड़ी मात्रा में हथियार मिले थे।

इसके बाद से ही आरोपियों का काम बंद था। लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार पुलिस को आरोपियों द्वारा दोबारा कारखाने में अवैध हथियार बनाने की जानकारी मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने चार टीमें आरोपियों की निगरानी में लगा रखी थीं। विश्वसनीय सूचना मिलते ही टीमो घर में बने कारखाने में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## *प्रेक्षक 'प्रेक्षा' ऐप से देंगे नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन संबंधी जानकारी*

*भोपाल, (ए.)। मप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के निर्देशानुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिये नियुक्त प्रेक्षकों की सुविधा के लिये प्रेक्षा ऐप बनाया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह ने बुधवार को जानकारी दी कि इस मोबाइल ऐप में प्रेक्षकों को प्रतिवेदन भेजने, नियमों एवं निर्देशों को पढ़ने एवं निर्वाचन प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण संबंधी जानकारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस ऐप को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये प्रेक्षकों से सुझाव भी मांगे गये हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल ऐप में प्रेक्षकों द्वारा भेजी जाने वाली जानकारी का प्रारूप उपलब्ध है। इसमें से अधिकांश जानकारी हाँ/नहीं के रूप में दी जा सकेगी। कुछ बिन्दुओं में संक्षिप्त टीप लिखनी है। यह जानकारी एक क्लिक से राज्य निर्वाचन आयोग भेजी जा सकेगी।*

# बीजेपी कार्यालय घेरने जा रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने चलाई वाटर कैनन, जीतू पटवारी समेत कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

### नेशनल हेराल्ड प्रकरण में ईडी के दुरुपयोग के आरोप में कांग्रेस का प्रदर्शन

भोपाल,(ए.) ।नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू जिला न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार किया है, जिससे कांग्रेस नेतृत्व को बड़ी राहत मिली है। इसी फैसले के बाद राजधानी भोपाल में बुधवार को ईडी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेसी नेता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कार्यालय का घेराव करने निकले। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में बैरिकैटिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को रोका लिया और



सभी को गिरफ्तार कर बस में भरकर ले जाया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से भाजपा मुख्यालय के घेराव करने के लिए रवाना हुए। लेकिन रास्ते में ही प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोका गया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का प्रयोग किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता वॉटर कैनन के प्रेशर से सड़क पर गिरकर चोटिल हुए। मौके पर जीतू पटवारी और भोपाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस भी हुई। इसके बाद पुलिस ने धक्का-मुक्की कर कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर ले गई। इस दौरान पीसीसी चीफ पटवारी के इशारे में कांग्रेसियों ने पुलिस की बस का घेराव कर दिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुईं।

# एम.पी. ट्रांसको सबस्टेशन में ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल संपन्न

### ग्रिड बहाली की तैयारियों का हुआ सफल परीक्षण

भोपाल (ए)। प्रदेश में ट्रांसमिशन ग्रिड की आपातकालीन तैयारियों एवं सिस्टम रिस्टोरेशन क्षमता के परीक्षण के लिये मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के सबस्टेशन एवं टोन्स हाइडल पावर हाउस सिरमौर के समन्वय से ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। 220 के.व्ही. सबस्टेशन कोटर (रीवा) से संचालित हुई इस मॉकड्रिल में ब्लैकआउट जैसी परिस्थितियों में ट्रांसमिशन सिस्टम को सुरक्षित एवं क्रमबद्ध तरीके से सिस्टम रिस्टोरेशन करने की प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। मॉकड्रिल के दौरान ग्रिड आइलैंडिंग, सिंक्रोनाइजेशन तथा वोल्टेज एवं फ्रिक्वेंसी नियंत्रण से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।

### क्या है ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल एक तकनीकी प्रक्रिया है, जिसमें यह परीक्षण किया जाता है कि यदि अचानक पूरा ग्रिड फेल हो जाए, तो बिना बाहरी बिजली की मदद के पावर हाउस को कैसे चालू किया जाए और धीरे-धीरे पूरे प्रदेश की बिजली आपूर्ति कैसे बहाल की जाए।

### वास्तविक परिस्थितियों में की गई मॉकड्रिल

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान ने बताया कि मॉकड्रिल के तहत 33 के.व्ही. के 6 फीडरों पर लगभग 2 घंटे तक अस्थायी रूप से विद्युत व्यवधान रहा, जिससे सिस्टम रिस्टोरेशन के विभिन्न चरणों का वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण संभव हो सका। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर, फील्ड स्टाफ और कंट्रोल रूम के बीच सटीक तालमेल बना रहा। सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि ट्रांसमिशन नेटवर्क की निरंतरता बनी रहे। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल से ग्रिड की विश्वसनीयता, आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और तकनीकी दक्षता में वृद्धि होती है। भविष्य में किसी बडे ग्रिड फेल्योर या ब्लैकआउट की स्थिति में तेडी से विद्युत आपूर्ति बहाल करने में ऐसे अभ्यास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# खंडवा पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का किया पर्दाफाश

### 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने दो सदस्यों को किया गिरफ्तार



भोपाल(ए)। खंडवा जिले के थाना पदमनगर पुलिस ने नकली पुलिस बनकर लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। यह गिरोह मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नकली पुलिस बनकर वारदातों को अंजाम देते थे।दिनांक 12 नवंबर को फरियादी हसमतराय गुरवानी (उम्र 65 वर्ष) निवासी कावेरी स्टेट, थाना पदमनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर उनसे सोने की एक चेन एवं दो अंगूठियां यह कहकर उतरवा लीं कि पास में लूट की घटना हुई है। विरोध करने पर फरियादी पर हमला कर फरार हो गए। इस संबंध में बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर एवं सीएसपी खंडवा अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा शहर एवं आवागमन मार्गों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिससे तीन संदिग्धों की पहचान की गई।15 दिसंबर को संदिग्धों के फुटेज अन्य जिलों में प्रसारित किए गए। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी नर्मदापुरम जिले के ईरानी गैंग से जुड़े हैं। इसके आधार पर पदमनगर पुलिस की टीम को नर्मदापुरम भेजा गया, जहाँ तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरों की मदद से दो आरोपी गटरा उर्फ अप्पा हुसैन उर्फ अयान, पिता अफसर हुसैन, उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 32, ईदगाह मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला नर्मदापुरम तथा कासिम, पिता अफसर सैय्यद, उम्र 30 वर्ष निवासी ईदगाह मोहल्ला, नर्मदापुरम, मूल निवासी साई बाबा मंदिर के पीछे, अंबीवली मंगलनगर, कल्याण, मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी इकबाल हुसैन के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया तथा लूटा गया माल उन्होंने अपने साथी इकबाल हुसैन को देना बताया। आरोपियों ने महाराष्ट्र के नागपुर, अमरावती एवं मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के शाहगंज क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर वारदात को अंजाम दिया जाता था। वे अकेले या उम्रदराज राहगीरों को रोककर किसी हालिया अपराध या चेकिंग का हवाला देते हुए विश्वास में लेते थे। इसके बाद सुरक्षा जांच के बहाने पीड़ित से सोने के आभूषण उतरवाकर कागज में रखने को कहते थे। जैसे ही आभूषण उनके हाथ में आते, आरोपी मोटरसाइकिल से तेजी से फरार हो जाते थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों एवं लूटे गए माल की बरामदगी हेतु आगे की कार्रवाई जारी है।

# निजी बस ने ठेले वाले को रौंदा, हुई मौत

भोपाल(ए)। शहर के कमला नगर थाना इलाके में स्थित आईआईएफएम गेट के सामने बीती सुबह फेरी लगाकर कबाडा खरीदने वाले मज़दूर को कॉलेज बस ने पीछे से कुचल दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद आरोपी बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है ।

मिली जानकारी के अनुसार, वसीम खान (48), नूरानी मस्जिद के पीछे नया बसेरा, कमला नगर में रहते थे, और कबाड़ी का ठेला लगाकर फेरी का काम करते थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है, सभी बच्चे पढ़ाई कर रहे है। बीती सुबह करीब 9 बजे वह ठेला लेकर कबाड़ा खरीदने सुरज नगर की तरफ जा रहे थे। इसी बीच आईआईएफएम गेट के सामने मीलेनियम कॉलेज के बस चालक ने उन्हें अपनी चपेट में लेते हुए बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उनके पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई थी। घटना के बाद चालक बस को लेकर मौके से भाग गया। वहां से गुज़र रहे राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए जेपी अस्पताल पहुंचाया गया , जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम पर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस फरार बस चालक की जानकारी जुटा रही है।

# जंगल मे शिकार करते पकड़ाये पटवारी को एसडीएम ने किया संस्पैंड

- तीन आरोपियो में शामिल था डॉक्टर और इंजीनियर
- एसटीएफ करेगी शिकार मामले की जॉच, खंगाली जा रही कॉल डिटेल



भोपाल(ए.)। विदिशा के लटेरी में शिकार करते हुए पकड़ाए जाने पर भोपाल की हुज़ूर तहसील के पटवारी गुफरान अहमद को हुज़ूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने सस्पेंड कर दिया है। गौरतलब है कि वन विभाग की टीम द्वारा पकड़ाये गये अन्य आरोपियो में शामिल भोपाल के ही श्यामला हिल्स में रहने वाला सिविल इंजीनियर और भोपाल का ही रहने वाला तीसरा आरोपी वसीम खॉन बीएचएमएस डॉक्टर है। जानकारी के अनुसार इन तीनो के साथ ही टीम ने ओमकार आदिवासी और राजू आदिवासी को भी पकड़ा था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अब इस मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की गिरफ्त में आए भोपाल के शिकारी युवक पहले भी जंगली जानवरों का शिकार कर चुके हैं। मोर का शिकार करने के मामले में सबसे पहले पकड़ा पहला आरोपी गुफरान अहमद है। जबकि दूसरा आरोपी मोहम्मद आमिर है। दोनों लटेरी के जंगलों में शिकार करने पहुंचे थे। वनकर्मियों की टीम ने आरोपियो को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा था। आरोपियों ने जंगल में अपनी गन से फायर भी किया था।

आवाज सुनने के बाद पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। विभाग की टीम ने आरोपियों के पास से टेलीस्कोप लगी एयरगन और 14 सेंटीमीटर लंबा चाकू जब्त किया था। अधिकारियो का कहना है, की मामले की जांच एसटीएफ से कराई जाएगी। आरोपियों की कॉल डिटेल्स निकाली जा रही हैं। इससे अन्य शिकारियों की जानकारी मिल सकती है। गौरतलब है, की सागर जिले के राहतगढ़ वन परिक्षेत्र में काले हिरण का शिकार करने वाले भोपाल के आरोपियो सहित ओमकार आदिवासी और राजू आदिवासी को पकड़ा था।

## अभी तक 13 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

भोपाल, (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 2 लाख 8 हजार 215 किसानों से 13 लाख 21 हजार 347 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 1122 करोड रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है। धान खरीदी के लिये विभिन्न जिलों में 1403 केन्द्र बनाये गये हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस विधायक दल ने विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के पास किया प्रदर्शन



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश विधानसभा ने बुधवार को अपने स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर बुधवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया है। वहीं कांग्रेस ने विधानसभा में मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर विरोध किया। मध्य प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान बुधवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायक दल के साथ भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) ( जी राम जी) किए जाने के निर्णय के विरुद्ध कांग्रेस विधायक दल ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष सशक्त और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

कांग्रेस विधायक दल ने स्पष्ट कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि महात्मा गांधी जी के विचारों, ग्रामीण भारत के स्वाभिमान और रोजगार की संवैधानिक गारंटी का प्रतीक है। इसका नाम बदलना गांधीवादी सोच और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह जनहित से जुड़े मुद्दों—जैसे मनरेगा के तहत समय पर रोजगार, मजदूरी भुगतान, कार्य दिवसों की उपलब्धता और श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा—से ध्यान भटकाने के लिए केवल नाम बदलने की राजनीति कर रही है। सरकार को नाम बदलने के बजाय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीण रोजगार की वास्तविक गारंटी और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस विधायक दल ने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार गांधी जी के नाम और उनके विचारों से क्यों कतराती है? कांग्रेस ने दो टूक कहा कि यह फैसला मनमाना, जनविरोधी और राजनीतिक दिखावे से प्रेरित है। पार्टी इस निर्णय का हर स्तर पर विरोध करेगी और जनता की आवाज़ को सदन से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती से उठाती रहेगी।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

सागर (ए.)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेंगें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं



हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी 2026 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

## डीपीएस सागर में सहोदया क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार से धमाकेदार आगाज

सागर (ए.)। सागर में बुधवार को शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार से सहोदया क्रिकेट टूर्नामेंट का धमाकेदार आगाज हो गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रातः 10:00 बजे हुआ। डीपीएस सागर के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला, एमसीए के एम्पायर हर्ष तिवारी, विमल सुनकर ने वात्सल्य सीनियर सेकेण्डरी तथा ज्ञानोदय स्कूल खुरई के के प्लेयर्स से हाथ मिलाकर उनका परिचय लिया। डीपीएस सागर के प्राचार्य ने दोनों टीम के कप्तानों के मध्य टॉस कराया। वात्सल्य सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सागर के कप्तान ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया और ज्ञानोदय खुरई के लिए पहले बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया। मैच 15 - 15 ओवर का पूर्व निर्धारित था। ज्ञानोदय ने 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 166 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ज्ञानोदय की तरफ से सक्षम ने 60 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं वात्सल्य स्कूल की ओर उनस ने 3 विकेट झटके। इसके बाद वात्सल्य सीनियर सेकेंड्री स्कूल के खिलाड़ी रन चेस करने उतरे परन्तु निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट पर 100 रन ही बना सके। इस प्रकार ज्ञानोदय ने वात्सल्य स्कूल को 66 रनों से उद्घाटन मुकाबला जीत लिया। खुरई की ओर से ओन ने किफ़ायती गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में मात्र 18 रन खर्च कर तीन खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद दोपहर करीब 1:30 बजे सेंट मेरी स्कूल सागर तथा डीपीएस मकरोनिया के बीच दूसरा मैच खेला गया। टॉस सेंट मेरी स्कूल ने जीता और फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए डीपीएस मकरोनिया की टीम 77 रनों पर ही ढेर हो गई। एक मात्र बल्लेबाज कार्तिक ने 22 रनों का जुझारू पारी खेली बाँकी खिला खिलाड़ी आया राम गया राम की तर्ज पर एक - एक कर पवेलियन लौटते रहे। सेंट मेरी स्कूल की ओर से दिव्यांक ने अपने तीन ओवरों में 7 रन खर्च कर महत्वपूर्ण तीन विकेट झटके।

## गैस सिलेंडरों के क्रय-विक्रय, भण्डारण करने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

इन्दौर (ए.)। सार्वजनिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज सांवेर क्षेत्र में दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहित बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर जप्त किये गये। आज जिले के ग्राम सोलसिंदा तहसील सांवेर में अवैधानिक रूप से एलपीजी गैस सिलेण्डरों के भण्डारण की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर के मार्गदर्शन पर तसीलदार श्रीमती पूनम तोमर द्वारा मय पुलिस बल के जांच की गई। जिसमें ग्राम सोलसिंदा की भूमि सर्वे नम्बर 330/2/1 जो कि रियाजुलहसन पिता रईसउल हसन के खेत में निर्मित टीन शेड में घरेलू गैस के 22 एलपीजी सिलेण्डर रखे हुए पाए गए। उक्त जांच में पाया गया कि जय श्री महाकाल गैस चुल्हा सेल्स एण्ड सर्विस के प्रोप्रायटर विनोद जायसवाल पिता मोहनलाल जायसवाल द्वारा उक्त गैस सिलेण्डर का भण्डारण किया गया है।

# स्टेरिंग फेल होने से बेकाबू ट्रक घाटी पर पेड़ से टकराकर लटका, तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान



रायसेन (ए.)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सिलवानी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां एक ट्रक का स्टेरिंग फेल होने के बाद बेकाबू होकर घाटी पर पेड़ से टकराकर लटक गया। हादसे के वक्त ट्रक में चालक समेत तीन लोग सवार थे। तीनों ने समय रहते ट्रक से नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार को जमुनिया घाट पर हुआ। विदिशा से बालाघाट की ओर जा रहा यह ट्रक घाट उतरते समय बेकाबू हो गया। बताया जा रहा है कि पहले ट्रक के ब्रेक फेल हुए, जिसके बाद स्टीयरिंग भी फेल हो गया। चालक ने ट्रक को पहाड़ से टकराकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक संतुलन खो बैठा और खाई की ओर बढ़ने लगा। गनीमत रही कि ट्रक एक पेड़ से टकराकर रुक गया। यदि ट्रक पेड़ से नहीं रुकता, तो वह सीधे गहरी खाई में गिर सकता था। इस घटना में ट्रक में सवार चालक सहित तीन लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक में सवार विदिशा निवासी स्माइल ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्रक में तेल भरा था, यदि वह घाटी से नीचे गिरता तो आग लगने का खतरा भी था।

## रिहायशी इलाके के घर में घुसा तेंदुआ, वन विभाग ने 4 घंटे में किया रेस्क्यू

मंदसौर (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर नगर के संजीत नाका क्षेत्र में बुधवार को एक कॉलोनी में घुसे तेंदुए को 4 घंटे बाद रेस्क्यू कर लिया गया है। तेंदुआ मयूर कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में जाकर बैठ गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए का रेस्क्यू शुरू किया गया।जिस घर में तेंदुआ था वहां गली में पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आवाजाही रोक दी। लोग घरों की छतों पर चढ़कर तेंदुए का रेस्क्यू देख रहे थे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइजर कर दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में पड़े तेंदुए के पास टीम पहुंची और उसे उठाकर पिंजरे में डाला। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें सुबह करीब 8 बजे तेंदुआ कॉलोनी की गलियों में दौड़ता नजर आ रहा है।जिला फॉरेस्ट अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि यह नर चिता है, जिसकी उम्र 5 से 8 साल बताई जा रही है। वन विभाग और एसडीईआरएफ ने चीते का रेस्क्यू किया। दो डॉक्टर मौके पर पहुंचे थे, जिन्होंने इस चीते को पहले बेहोश किया जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सना फायर वर्क्स फटाखा फेक्ट्री सील

इन्दौर (ए.)। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बिचौली हप्सी के ग्राम राजधरा में राजस्व अमले द्वारा सना फायर वर्क्स फटाखा इकाई पर आकस्मिक निरीक्षण कर सख्त कार्यवाही की गई है। निरीक्षण दल में एसडीएम अजय भूषण शुक्ला सहित नायब तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम कोटवार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान फटाखा इकाई के संचालक अकरम मंसूरी मौके पर उपस्थित थे। जांच में पाया गया कि फटाखा इकाई में निर्धारित



सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया जा रहा था। विशेष रूप से सुतली बम को असुरक्षित स्थान पर खुले में सुखाया जा रहा था, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। निरीक्षण उपरांत तत्काल कार्यवाही करते हुए संपूर्ण फटाखा इकाई को सील कर दिया गया है तथा मौके पर पंचनामा कार्यवाही संपन्न की गई। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशानुसार अवैध एवं असुरक्षित गतिविधियों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट की तैयारियाँ जारी, कलेक्टर ने ली अलग-अलग बैठकें

ग्वालियर(ए.)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर आगामी 25 दिसंबर को मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में "अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट-2025" का आयोजन होने जा रहा है। यह समिट इस दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में मेला परिसर में आयोजित होगी। समिट की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान ने बुधवार को व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों और समाजसेवी व स्वयंसेवी संस्थाओं तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिवों की अलग-अलग बैठक लेकर समिट के संबंध में जानकारी दी।

## कलेक्टर और सीईओ ने किया प्रक्षेत्र भ्रमण और वाम एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन



जबलपुर (ए.)। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने नानाखेड़ा चरगवां रोड में गोपाल असावा के खेत में 28 एकड़ में उन्नत तकनीक से लगी हुई शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन और स्ट्रॉबेरी का प्रक्षेत्र भ्रमण किया। इसके अलावा उन्होंने उमरिया डुंगरिया इंडस्ट्रियल एरिया में पल्लवी पटेल की वाम एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया, जहां डिहाइड्रेटेड शिमला मिर्च, डिहाइड्रेटेड इलायची, लौंग, दालचीनी, ग्रीन चिली और टमाटर की संस्करण किया जा रहा है। इस दौरान उप संचालक उद्यान डॉ. नेहा पटेल और महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# व्यापार समाचार

## रेलवे ने वेटिंग टिकट वालों को दी बड़ी राहत, अब ट्रेन छूटने से इतने घंटे पहले बनेगा रिजर्वेशन चार्ट



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिजर्वेशन चार्ट तैयार करने के समय में एक अहम बदलाव किया है, जो वेटिंग टिकट पर यात्रा करने की उम्मीद लगाए यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। अक्सर देखा जाता है कि यात्री इस उम्मीद में टिकट बुक कर लेते हैं कि चार्ट बनते समय सीट कंफर्म हो जाएगी, लेकिन अंत में मायूसी हाथ लगती है और उन्हें स्टेशन से सामान लेकर वापस लौटना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अब ट्रेन के रवाना होने से कम से कम 10 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट फाइनल कर दिया जाएगा।

नए दिशानिर्देशों के मुताबिक, चार्ट तैयार करने की समय सारिणी को दो हिस्सों में बांटा गया है। जो ट्रेनें सुबह 5 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे के बीच रवाना होती हैं, उनका पहला रिजर्वेशन चार्ट अब पिछली शाम को ही 8 बजे तक तैयार कर लिया जाएगा। पहले यह चार्ट रात 9 बजे तक बनता था। वहीं, जो ट्रेनें दोपहर 2 बजे के बाद और अगली सुबह 5 बजे से पहले चलने वाली हैं, उनके लिए चार्ट ट्रेन खुलने के समय से कम से कम 10 घंटे पहले बना दिया जाएगा। इससे पहले यह समय सीमा 8 घंटे की थी। रेलवे ने अपनी आईटी विंग 'क्रिस' (CRIS) को इन बदलावों को सिस्टम में अपडेट करने के निर्देश दे दिए हैं, जिसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।रेलवे के इस कदम का सीधा फायदा उन लाखों यात्रियों को होगा जो वेटिंग लिस्ट में फंसे रहते हैं। पहले जब चार्ट ट्रेन छूटने से महज 4 घंटे पहले बनता था, तो यात्रियों के पास कोई विकल्प नहीं बचता था और उन्हें मजबूरन स्टेशन तक जाना पड़ता था। अधिकारियों का मानना है कि चार्ट बनने का समय पहले खिसकाने से यात्रियों को अपनी टिकट की स्थिति (कंफर्म या वेटिंग) का पता काफी पहले चल जाएगा। इससे वे समय रहते अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे या उसे रद्द कर सकेंगे, जिससे उन्हें आखिरी वक्त की भागदौड़ और स्टेशन से वापस लौटने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 26 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.40 पर बंद हुआ। रुपये में ये गिरावट रुपये कारोबार में भारी अस्थिरता के कारण आई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला, लेकिन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने इस असर को कमजोर कर दिया। वहीं अंत में अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.05 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे कमजोर था। हालांकि, शुरुआती गिरावट के बाद रुपये में तेज सुधार देखा गया और यह 97 पैसे की मजबूती के साथ 89.96 के स्तर तक पहुंच गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 90.18 पर कारोबार कर रहा था।

## 40 हजार से कम में आएगा 'नोवा फ्लिप', फोल्डेबल मार्केट में विदेशी कंपनियों को टक्कर देने की तैयारी



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अब एक देसी कंपनी बड़ी हलचल मचाने की तैयारी में है। घरेलू स्मार्टफोन निर्माता कंपनी N&tQuantum अपने सब-ब्रांड Ai+ के जरिए अब बजट सेगमेंट से निकलकर प्रीमियम और फोल्डेबल मार्केट में सीधी एंट्री लेने जा रही है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह अपना पहला फोल्डेबल फोन 'Nova Flip' लेकर आ रही है। इस घोषणा के साथ ही टेक जगत में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है, क्योंकि रियलमी इंडिया के पूर्व सीईओ माधव सेठ इस कंपनी के को-फाउंडर हैं।

जुलाई 2025 में दो बजट फोन के साथ भारतीय बाजार में कदम रखने वाली यह कंपनी अब नोवा सीरीज का विस्तार करते हुए Nova Pro, Nova Ultra और Nova Flip को 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च करेगी। इस नए फोल्डेबल फोन की सबसे बड़ी खासियत इसका ऑपरेटिंग सिस्टम और सुरक्षा फीचर्स माने जा रहे हैं। ब्रांड ने स्पष्ट किया है कि Nova Flip कंपनी के अपने स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम 'N&tQuantum OS' पर काम करेगा। कंपनी का दावा है कि इस सॉफ्टवेयर को विशेष रूप से फोल्डेबल फॉर्मेट के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यूजर्स फोन की तहों का पूरा फायदा उठा सकें। आज के दौर में जहां स्मार्टफोन्स में अनचाहे ऐप्स की भरमार होती है, वहीं कंपनी ने वादा किया है कि इस फोन में 'जीरो प्री-लोडेड ब्लोटवेयर्स' मिलेंगे। इसका मतलब है कि फोन में कोई भी फालतू ऐप पहले से नहीं होगा और यूजर्स का अपने पर्सनल डेटा पर पूरा कंट्रोल रहेगा।

Ai+ ने भले ही अभी तक फोन के सभी स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा नहीं किया है, लेकिन कीमत को लेकर कंपनी ने बड़ा संकेत दिया है। खबरों के मुताबिक, Nova Flip को 40 हजार रुपये से कम कीमत पर लॉन्च किया जाएगा। यदि ऐसा होता है, तो भले ही यह Ai+ ब्रांड का अब तक का सबसे महंगा फोन होगा, लेकिन बाजार में मौजूद सैमसंग और मोटोरोला जैसी कंपनियों के फ्लिप फोन्स के मुकाबले यह देश का सबसे सस्ता फोल्डेबल फोन साबित हो सकता है।

## चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर, सोने के भी भाव बढ़े

- सोना 680 रुपए बढ़त के साथ 1,35,089 पर, चांदी में 7,418 रुपए की तेजी

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक दोनों कीमती धातुओं के भाव मजबूती के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव ने नया इतिहास रचते हुए सर्वोच्च शिखर को छू लिया, जबकि सोना भी अपने ऊंचे स्तरों के करीब कारोबार करता नजर आया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 670 रुपये की तेजी के साथ 1,35,079 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,34,409 रुपये था। इस समय सोना 680 रुपये की बढ़त के साथ 1,35,089 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,35,150 रुपये का उच्च और 1,35,001 रुपये का निचला स्तर छुआ। इससे पहले सोने ने 1,35,263 रुपये का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,446 रुपये की तेजी के साथ 1,99,201 रुपये प्रति किलो पर खुला। पिछला बंद भाव 1,97,755 रुपये था। इस समय चांदी 7,418 रुपये की उछाल के साथ 2,05,173 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही थी। दिन के कारोबार में चांदी ने 2,05,665 रुपये प्रति किलो का उच्चतम स्तर छूकर ऑल टाइम हाई बना दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भावों में तेजी देखने को मिली।



# 1 लाख के कर्ज के बदले साहूकारों ने वसूले 74 लाख, किसान का घर-जमीन बिका और कंबोडिया में निकलवा दी किडनी

चंद्रपुर (ए.)। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से इंसानियत को शर्मसार और सिस्टम को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां अवैध साहूकारी के मकड़जाल में फंसे एक किसान को अपना कर्ज चुकाने के लिए अपनी किडनी तक बेचनी पड़ गई। रोंगटे खड़े कर देने वाली बात यह है कि किसान ने महज 1 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसे साहूकारों ने ब्याज और पेनल्टी जोड़कर 74 लाख रुपये बना दिया। इतना ही नहीं, कर्ज वसूली के लिए साहूकारों ने किसान का घर, जमीन और ट्रैक्टर तक बिकवा दिया। पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना नागभीड़ तहसील के मिंथुर गांव की है। पीड़ित किसान रोशन सदाशिव कुडे ने पुलिस को बताया कि उसने साल 2021 में दूध का व्यवसाय शुरू करने के लिए चार स्थानीय साहूकारों से 40 प्रतिशत की भारी-भरकम ब्याज दर पर 1 लाख रुपये उधार लिए थे। इन पैसों से उसने 15 से 20 गायें खरीदी थीं, लेकिन दुर्भाग्यवश लंपी वायरस की चपेट में आने से गायों की मौत हो गई और उसे भारी नुकसान हुआ। इसके बाद साहूकारों ने तकादा शुरू कर दिया। एक साहूकार का पैसा चुकाने के लिए रोशन ने दूसरे से कर्ज लिया और देखते ही देखते वह 6 साहूकारों के चंगुल में फंस गया। उस पर हर दिन 5 से 6 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई जाने लगी।




किसान का दावा है कि साहूकारों का मुंह फाड़ता कर्ज चुकाने के लिए उसने अपनी चार एकड़ जमीन, अपना पुश्तैनी घर, ट्रैक्टर और दोपहिया वाहन तक बेच दिया। वह अब तक करीब 50 लाख से ज्यादा की नकद राशि और कुल मिलाकर 74 लाख रुपये की संपत्ति और नकदी गंवा चुका है, लेकिन साहूकारों की उधारी खत्म नहीं हुई। जब किसान के पास देने के लिए कुछ नहीं बचा, तो एक साहूकार ने उसे किडनी बेचने का खौफनाक सुझाव दिया। मजबूरी में किसान तैयार हो गया। इसके बाद एक एजेंट के जरिए उसे पहले मेडिकल जांच के लिए कोलकाता और फिर सर्जरी के लिए कंबोडिया भेजा गया। वहां 8 लाख रुपये में उसकी किडनी बेची गई। हैवानियत की हद यह रही कि विदेश से लौटने पर साहूकारों ने वह 8 लाख रुपये भी उससे छीन लिए।

इस सनसनीखेज खुलासे के बाद चंद्रपुर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ब्रह्मपुरी पुलिस थाने में 6 आरोपियों के खिलाफ जबरन वसूली और महाराष्ट्र साहूकारी (विनियमन) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अवैध साहूकारी का एक वीभत्स रूप है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है ताकि गिरोह में शामिल अन्य लोगों और एजेंटों तक पहुंचा जा सके।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय

क्रोनी कैपिटलिज्म में राजसत्ता पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश करते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। इंडिगो एयरलाइन्स के मामले ने बताया है कि भारत में सरकार और उपभोक्ता दोनों कॉरपोरेट्स- खासकर मोनोपॉली कायम कर चुकी कंपनियों के आगे असहाय हैं। इस प्रकरण का संदेश है कि क्रोनी कैपिटलिज्म जैसी बातें पुरानी पड़ चुकी हैं। क्रोनी कैपिटलिज्म में फिर भी शक्ति प्रमुख रूप से राजसत्ता के पास ही होती है, जो अपने पसंदीदा पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाती है। यह लाभ पाने के लिए पूंजीपति सत्ताधारियों को प्रसन्न रखने की कोशिश में जुटे रहते हैं। जबकि इंडिगो प्रकरण में केंद्र असहाय नजर आया और आखिरकार उसने घुटने टेक दिए। घटनाक्रम पर ध्यान दीजिए: उड़ान को सुरक्षित बनाने के लिए भारत सरकार ने नियम जारी किए। इंडियो एयरलाइन्स को वे नियम पसंद नहीं आए, क्योंकि उससे उड़ान संचालन की लागत बढ़ने वाली थी। उसने उन नियमों पर आपत्ति जताई, मगर सरकार ने उसे नजरअंदाज किया।

इस बीच इंडिगो टिकट बुकिंग करती रही। उड़ानों को रद्द करने की पूर्व चेतावनी उसने जारी नहीं की। और अचानक रद्द करना शुरू कर दिया। उसे अंदाजा जरूर रहा होगा कि ऐसा होने पर खूब शोर-शराबा होगा- आखिर विमान यात्रा करने वाले लोग प्रभु वर्ग आते हैं, जिनकी नाराजगी सरकार मोल नहीं ले सकती। आखिरकार सरकार को अपने दिशा-निर्देश वापस लेने पड़े। इंडिगो ने बुकिंग महीनों पहले की थी। उस रकम पर उसने ब्याज कमाया। रिफंड उड़ान रद्द होने के बाद किए गए। तो नुकसान में यात्री रहे। मगर इंडिगो के फ्रंट ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों पर भड़कने के अलावा कुछ और करना उनके वश में नजर नहीं आया।नए नियम क्या थे? यही कि पायलटों से आठ घंटे काम लिया जाए और उन्हें पर्याप्त छुट्टी दी जाए। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, लेकिन प्रति विमान उपलब्ध पायलटों की संख्या के लिहाज से (प्रति विमान 13) वह पांचवें नंबर आती है। उसके कर्मचारी काम के कैसे बोझ में रहते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। स्वाभाविक है कि पायलट एसोसिएशन ने नियम वापस लेने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। मगर मोनोपॉली व्यवस्था में जब सरकार अपनी नहीं मनवा सकती, तो कर्मचारी या उपभोक्ता क्या सोचते हैं- इसे कौन पूछता है?

# एसआईआर में चुनाव आयोग ने अवैधानिक रूप से काटे लाखों नाम?

**-सनत जैन**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया मानी जाती है। इसी प्रक्रिया में सभी संवैधानिक अधिकार केंद्रीय चुनाव आयोग के पास हैं। संविधान ने व्यापक अधिकार और जिम्मेदारियाँ चुनाव आयोग को सौंपी हैं। इसके लिए संविधान में अधिकार और चुनाव आयोग ने नियम बना रखे हैं। बिहार में वोटरलिस्ट की विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने ना तो संविधान के प्रावधान को माना, ना ही अपने नियमों को माना। हालिया खुलासों ने चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इंडियन एक्सप्रेस मे प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस पूरी प्रक्रिया में संविधान कानून और नियमों की अनदेखी की गई है। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जो कार्यवाही और प्रक्रिया अपनाई गई है, उसको लेकर चुनाव की निष्पक्षता तथा चुनाव प्रक्रिया को लेकर जो संकेत मिले हैं, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे चिंताजनक स्थिति है। संविधान एवं चुनाव आयोग का कानून स्पष्ट रूप से कहता है। किसी भी मतदाता की पात्रता पर संदेह होने की स्थिति में नोटिस जारी करने का अधिकार केवल स्थानीय चुनाव अधिकारी (ईआरओ) के पास है। बिहार की एसआईआर में लाखों नोटिस, सीधे केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से पोर्टल में वोटर के नाम पर डाले गए हैं, जबकि इसकी ईआरओ को कोई जानकारी नहीं थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने वह काम किया है, जिसका उसके पास अधिकार ही नहीं था। केंद्रीय चुनाव आयोग का यह कृत्य चुनाव आयोग की निष्पक्षता मतदाताओं के मतदान के अधिकार खत्म करने और लोकतंत्र में मतदाताओं और राजनीतिक दलों के अधिकारों पर एक तरह से कुठाराघात किया गया है। चुनाव आयोग ने विकेंद्रीकृत चुनाव प्रक्रिया का केंद्रीकरण कर एक तरह से मनमानी की है और संविधान एवं कानून का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है।



संविधान ने नागरिकों के मतदान अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल किया है। स्थानीय अधिकारियों के पास जो संवैधानिक अधिकार दिए गए थे उसे अवैध रूप से छीनने का काम भी चुनाव आयोग ने किया है। जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है।

इस रिपोर्ट का सबसे गंभीर पहलू यह है, नोटिस उन मतदाताओं को भेजे गए, जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मौजूद थे। जिन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा किए थे। सभी नोटिसों में एक तरह की आपत्ति एवं कारण लिखे गये। लाखों मतदाताओं के लिए एक समान वजह होना संभव ही नहीं था। चुनाव आयोग में जमा किए गए जो दस्तावेज नोटिस मे अधूरे या नाकाफी बताए गए थे, उन नोटिसों पर तारीख तक दर्ज नहीं थी। यह पूरी प्रक्रिया घोर लापरवाही और गैर कानूनी थी। यह खुलासा इस बात का सुबूत है कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने सभी अधिकार अपने पास ले लिए हैं। जिसके कारण स्थानीय चुनाव अधिकारियों के अधिकारों का उपयोग भी चुनाव आयोग दिल्ली में बैठे-बैठे कर रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग का स्थानीय चुनाव अधिकारियों पर इस तरह की कार्रवाई सुनियोजित दबाव बनाने की कोशिश मानी जा रही है। जो आंकड़े और प्रक्रिया सामने आई है, वह चिंताजनक हैं। बिहार में एसआईआर के दौरान 68 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए थे, जिसके कारण वह मतदान नहीं कर पाए। मतदान का मौलिक अधिकार चुनाव आयोग द्वारा अवैधानिक रूप से खत्म कर दिया गया। केंद्रीय चुनाव आयोग के पोर्टल से जो नोटिस जारी हुए थे। उसमें से करीब 10 हजार मामलों में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। इससे स्पष्ट है कि जो नाम हटाए गए और जो नोटिस जारी किए गए दोनों ही अवैधानिक कृत्य हैं। चुनाव आयोग की यह कार्यवाही चुनाव आयोग की जवाबदेही, आयोग की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। केंद्रीय चुनाव आयोग यह नहीं बता पा रहा है, कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में थे, उनके नाम क्यों काटे गए। ऐसी स्थिति में आम मतदाता कैसे मतदान के अधिकार को सुरक्षित रख पाएंगे।

चुनाव आयोग के आयुक्तों और शीर्ष अधिकारियों के बयान और जमीनी हकीकत के बीच विरोधाभास साफ दिखाई दे रहा है। संविधान में उल्लेखित नियम और चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदाता के खिलाफ शिकायत ओर जांच के पश्चात ही आयोग किसी का नाम जोड़ या घटा सकता है। चुनाव आयोग को स्वयं संज्ञान लेकर किसी भी मतदाता का नाम हटाने का अधिकार नहीं है। बावजूद इसके बिहार की एसआईआर में यह सब हुआ है। जिस तरह से मतदाता सूची बनाने, मतदान की गणना, चुनाव परिणाम घोषित करने तथा शिकायतों की जांच कर अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा स्वयं या अपने पर्यवेक्षकों के माध्यम से कराया गया, इससे पूरी चुनावी व्यवस्था का केंद्रीकरण कर लिया गया है। केंद्रीय स्तर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यह जानकारी सामने आने के बाद विपक्ष को वोट चोरी जैसे गंभीर आरोप पर आम जनता को भी विश्वास होने लगता है। लोकतंत्र सिर्फ चुनाव कराने से नहीं, बल्कि जनता का विश्वास चुनाव प्रक्रिया पर हो, तभी चुनाव की निष्पक्षता होती है। जो सरकार बनती है उस पर मतदाताओं को विश्वास होता है। अगर मतदाताओं को महसूस होने लगे, उनका नाम चुपचाप, बिना सुनवाई के काटा गया है, तो आम नागरिक और मतदाताओं का विश्वास टूटेगा। जरूरत इस बात की है, चुनाव आयोग इन आरोपों और गड़बड़ियों पर चुप्पी तोड़े। राजनीतिक दलों और मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराए। पारदर्शिता के साथ एसआईआर का सच मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सामने रखे। जिस तरह की स्थितियां वर्तमान में बन गई हैं। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है। नागरिकों का चुनाव आयोग पर विश्वास खत्म होता जा रहा है। जिस तरह की स्थितियां बांग्लादेश में बनी थी। इस तरह की स्थिति भारत में भी बनती जा रही है। जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सवाल उठ रहें हैं। आगे चलकर वह राजनीति, कानून व्यवस्था, एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए गंभीर चुनौती साबित होंगे।



*(रायपुर) बृजबाई कर रही है घर गृहस्थी के कार्यों में राशि का उपयोग।*

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन

अनिल काकोडकर

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 जीडब्ल्यू बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 जीडब्ल्यू से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि एनपीसीआईएल, एनटीपीसी और भाविनी के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए । पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए एनपीसीआईएल को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय पीएचडब्ल्यूआर प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा। निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी।

## (चिंतन-मनन) अनुशासन का पाठ

गुरु अंबुजानंद के पास अनेक शिष्य शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। उनका आश्रम लंबे समय से चल रहा था। अब चूंकि अंबुजानंद काफी वृद्ध हो गए थे, गुरुकुल चलाना उनके लिए कठिन हो रहा था। वह अपने शिष्यों में से ही किसी एक को गुरुकुल का सारा कार्यभार सौंपना चाहते थे। एक दिन उन्होंने अपने 18 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अपने पास बुलाया। उन्होंने उनसे कहा, आप सभी प्रतिभाशाली, मेहनती और ईमानदार हैं। यदि मैं आपको शिक्षा के लिए किसी विशेष क्षेत्र में नियुक्त करना चाहूं तो आप कौन-कौन से क्षेत्र को चुनना चाहेंगे?

यह सुनकर सभी शिष्य कुछ देर सोचते रहे और फिर 17 विद्यार्थियों ने अपने-अपने मनपसंद क्षेत्रों के नाम गुरु को बता दिए। अठारहवां शिष्य आयुष अभी तक कुछ सोच ही रहा था। उसे चुप देखकर गुरु ने पूछा, बेटा आयुष, तुमने अपने लिए किसी क्षेत्र का चुनाव नहीं किया? गुरु की बात सुनकर आयुष ने सिर झुकाकर कहा, गुरुजी, मैंने आपसे ही शिक्षा ग्रहण की है। मैं आपके द्वारा सीखी गई शिक्षा को जन-जन तक फैलाना चाहता हूं। इसके लिए मुझे किसी क्षेत्र विशेष का चुनाव करने की आवश्यकता नहीं है।




मेष राशि: आज का दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का बिजनेस करते हैं, वो आज बड़ा फैसला लेने से पहले दूसरों की जरूरतों को समझने की कोशिश करें। साथ ही आज के दिन आपकी योजनाओं में आखिरी पल में बदलाव हो सकते हैं।

वृष राशि:आज का दिन सामान्य बना रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं। वो लोग आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाएंगे, वहां आपकी बातों पर सबका ध्यान केंद्रित होगा। आज आपके रुखे व्यवहार के चलते आपके प्रिय के साथ आपके मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग कपड़े का व्यापार करते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा आज दूसरों की बात पर भरोसा न करें। महिलाओं को आज कहीं से अचानक धन लाभ हो सकता है। अगर आप नई जमीन लेना चाह रहे हैं। तो आज का दिन शुभ है।

कर्क राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो आपके खर्चो और बिल आदि को सम्हाल लेगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करोगे। उनके सुख-दुख के भागीदार बनोगे, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाक़ई उनका ख्याल रखते हैं।

सिंह राशि: आज का दिन अच्छा रहेगा। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो यह दिन आपकी आशाओं को पूरा कर सकता है। साथ ही आपके काम करने का नया अंदाज उन लोगों में दिलचस्पी पैदा करेगा, जो आप के कामों पर नजदीकी से गौर करते हैं। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा, क्योंकि आज बिजनेस की डील आपके पक्ष में आएगी।

कन्या राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के जो लोग बेरोजगार हैं आज उनको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता हैं। अगर आप कई दिनों से कामकाज में दिक्कतें महसूस कर रहे हैं, तो आज के दिन आपको राहत महसूस हो सकती है। अचानक यात्रा के कारण आप थोड़े थकान महसूस कर सकते हैं और तनाव भी हो सकता हैं।

तुला राशि: आज का दिन व्यवहार में बदलाव करने का दिन हैं। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत हैं, जहां दिल की बजाय दिमाग का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। इस राशि के सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज ट्रांसफर ऐसी जगह होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज आप किसी धार्मिक पंडाल में जाने की योजना बनाएंगे। इस राशि के लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। साथ ही रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर तरोताजा करने का दिन है। आज लवमेट का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है।

धनु राशि:आज आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति में फायदेमंद कराऐगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति कुछ बाधाओं के चलते अटक सकती है, बस आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत हैं। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपका रचनात्मक कार्यों में लगेगा। आज आप किसी नए रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तनदुरुस्त बनाए रखेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आप यह जानकर बहुत उदास महसूस करेंगे कि जिसपर आपने हमेशा विश्वास किया, दरअसल उतना भरोसेमंद नहीं है।

कुंभ राशि: आज का दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। अगर आपका बच्चा परीक्षा में बहुत अच्छा न कर सके तो उसे फटकारें नहीं, बल्कि अगली बार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उसे प्रोत्साहित करें। साथ ही दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ टाइम स्पेंड करने की संभावना बन रही हैं।

मीन राशि: आज का दिन भाग्य आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। आज ऑफिस में लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा,पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही इंट्रस्टींग-सा गेम दोस्तों के साथ खेलेंगे। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं।

# अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर भारत

**हरिशंकर व्यास**

भारत अब अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर है। इन तीनों देशों के मुखियाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फोटो खिंचवाते हैं। और इसकी हकीकत ही भारत की विदेश नीति का खुलासा है। सोचें, इस सवाल पर कि 1947 से 2025 के 78 वर्षों में भारत की विदेश नीति में वह क्या है, जिससे 140 करोड़ लोगों की सामरिक-सुरक्षा, भू-राजनीतिक आवश्यकता का कोर प्रकट हो? यह गंभीर और बड़ा सवाल है। मोटा-मोटी लगेगा कि नेहरू से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक भारत राष्ट्र-राज्य की बुद्धि से उपजी विदेश नीति में आग्रह है कि हम स्वतंत्र नीति-निर्णय की अपनी क्षमता बनाए रखें। न इधर लुढ़कें और न उधर। किसी खेमे, किसी गुट में फंसे बिना भारत अपने रणनीतिक विकल्प खुले रखे। अंदरूनी और बाहरी सभी मोर्चों में भारत के मौके रहें!

यही शायद सर्वमान्य जवाब है। उस नाते जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी, यानी नेहरू के आईडिया ऑफ इंडिया तथा मोदी के हिंदू आईडिया ऑफ इंडिया, दोनों के छोर एक ही नदी के दो पाट हैं। इसलिए आश्चर्य नहीं कि संघ परिवार ने ताउम्र सोवियत संघ, चीन-रूस से एलर्जी रखी, लेकिन उसके प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिंदुवाद आया तो वह भी शी जिनपिंग, पुतिन और ट्रंप-सभी के लिए समान भाव से पलक पांवड़े बिछाए रहता है।

इससे क्या जाहिर है? हिसाब से भारत एक सभ्यतागत देश है। उसका अस्तित्व उसके इतिहास, भूगोल, समाज-संस्कृति से उत्प्रेरित अनुभवों और भविष्य की चिंताओं में गुंथा हुआ है। यह हमेशा के लिए, आगामी पचास-सौ सालों में 160-170 करोड़ आबादी के पीक पर भी भारत राष्ट्र पर प्रश्नचिन्ह लगाए रखेगा! और मेरा मानना है कि पृथ्वी पर ऐसा कोई दूसरा देश नहीं है जिसकी चिंताएं, जिसका खोखलापन भारत जैसा हो!

बात जमती नहीं? तो ज़रा एक-एक महाशक्ति पर गौर करें। भारत के मुकाबले अमेरिका इसलिए

चिंतामुक्त है क्योंकि अमेरिका के पड़ोस में न कोई जानी-दुश्मन प्रतिद्वंदी देश है और न उसका भूगोल चीन-रूस जैसे खतरे लिए हुए है। 250 वर्षों के अमेरिकी इतिहास का वैसा कोई अनुभव नहीं है जैसा भारत का है। अमेरिका भूगोल, इतिहास के अलावा समाज-संस्कृति-तंत्र के मामले में भी वैसी चिंता-चुनौती में नहीं है जैसे भारत फंसा हुआ है। अमेरिका की राजनीतिक-शासकीय-वैचारिक व्यवस्था में पुख्ता चेक-बैलेंस है, तो नागरिकों को वह स्वतंत्रता और पूंजीवाद प्राप्त है, जिससे लोगों के व्यक्तिगत जीवन को अंतरिक्ष में बस्ती बसाने तक के स्वतंत्र पुरुषार्थी पंख प्राप्त हैं। और ऐसा होना उसके वैश्विक वैभव की गारंटी है।

अब अमेरिका के बराबर पहुंचे चीन पर विचार करें। चीन को भी भूगोल और इतिहास से वह कोई चिंता-ग्रंथि-चुनौती नहीं है, जिससे वह अपने पड़ोस के रूस, भारत या जापान की चिंता करे। चीन हर तरह से न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह कन्फ्यूशियस अनुशासन के मानसिक-सामाजिक ढांचे में ऐसा गुंथा है जिसमें, चीन का नागरिक सामूहिक व्यवस्था और राज्य की नैतिक सर्वोच्चता को सहजभाव स्वीकारता है। उसके इस एकांगी अनुशासन से ही चीन पूरे इतिहास में राजनीतिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और सामरिक रणनीति में दो-टूक रहा है।

हां, हम हिंदुओं की तरह चीनियों की सरज़मी भारत जैसी हजार साल की गुलामी, बिखराव तथा भय-भूख-भक्ति के अनुभवों में उथली नहीं है। चीनी आबादी को सभ्यता-संस्कृति की स्मृति के वैसे कोई घाव नहीं हैं, जैसे भारत की मनोदशा में हैं। मतलब बाहरी और अंदरूनी दोनों मोर्चों पर चीन अपने कुएं की वह गहराई लिए हुए है, जिसके चलते उसे सुरक्षा, निश्चिंतता है। वह भाषा, रहन-सहन, धर्म, खान-पान, मनोरंजन, नस्लीय अहंकार आदि सभी में बाहरी चिंताओं से मुक्त है। वह सुरक्षा के आत्मविश्वास में जीता है। सो, नस्ल मेहनती, स्वाभिमानी और बर्बरता की ड्रैगन तासीर लिए हुए है। तभी आश्चर्य नहीं जो अत्यधिक आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण तथा पश्चिमी अमेरिकी पूंजी-तकनीक के बावजूद चीन अपनी ही सभ्यता-संस्कृति की शर्तों पर दुनिया की महाशक्ति बना है।

लगभग ऐसी ही स्थितियों में रूस है। जारशाही से लेकर सोवियत संघ और रूस के अनुभवों में स्लाविक नस्ल भी भूगोल, इतिहास और संस्कृति-सभ्यतागत तासीर की सुरक्षित एकरूपता के अस्तित्वजन्य भरोसे में जीता आया देश है। भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से वह अमेरिका, चीन जैसी एकरूपता में ढला है। जारशाही, सोवियत संघ और आज का रूस—सभी एक स्लाविक सांस्कृतिक निरंतरता की छतरी में पनपे। रूस की राष्ट्रीय चिंता में पश्चिम (यूरोप) से सुरक्षा का एक कोण रहा है, जिसमें वह संसाधन-संपन्न भूगोल से लगभग हमेशा सुरक्षित रहा है।

अब पश्चिम यूरोप, फ्रांस-ब्रिटेन यानी पश्चिमी सभ्यता पर गौर करें तो वहां भी चीन-रूस और इस्लाम, के खतरों के बावजूद उसके इतिहास, भूगोल, धर्म, सभ्यता-संस्कृति में भारत जैसी दशा का वैसा कुछ भी नहीं है, जिससे अंदरूनी और बाहरी चुनौतियों में वह बेबस हो। हिंदुओं में कई लोग सोचते हैं कि पश्चिमी सभ्यता, मतलब लंदन, पेरिस और यूरोप का देरसबेर इस्लामीकरण होगा। मुसलमानों की संख्या मौजूदा यूरोप के आगे अस्तित्व का संकट बनाएगी। ऐसा कुछ नहीं होना है। इसलिए क्योंकि यूरोपीय देश, पश्चिमी सभ्यता हर तरह से समर्थ है। अगले पचास-सौ

सालों के सिनेरियो में यूरोप अंततः वैश्विक महाशक्तियों (परंपरागत चीन, अमेरिका, रूस) के प्रभुत्व संघर्ष का ही एक खिलाड़ी होगा। और वह हमेशा ठोस, ओलंपिक गोल्ड की क्षमताओं वाला प्रतिद्वंदी खिलाड़ी होगा।

अब सोचें, इन सबकी तुलना में दुनिया की सर्वाधिक आबादी लिए हुए भारत की क्या स्थिति है? भूगोल, इतिहास, सभ्यता-संस्कृति से लेकर अंदरूनी खाइयों, फॉल्टलाइंस में भारत के आगे इतनी

अधिक चुनौतियां हैं कि यदि हिसाब लगाने बैठें और वर्तमान दशा-दिशा पर गौर करें तो लगेगा कि हम मानों कुंभकर्ण हैं, अंतहीन नींद में हैं। एक तरफ भारत दो परमाणु पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से घिरा हुआ है। तो दूसरी ओर वह जातीय, भाषायी, धार्मिक खाइयों में सांस लेता है। अमेरिका, चीन, रूस या जापान जैसी कोई एकरूपता भारत को प्राप्त नहीं है। लाख टके का अगला सवाल है कि उत्तर में चीन और पश्चिम में पाकिस्तान जैसे दो जानी दुश्मनों का बाहरी संकट ज्यादा भारी है या इतिहास की अंदरूनी ग्रंथियों में हिंदू बनाम मुस्लिम, जातीय-भाषायी, सामाजिक खाइयों की कगार अधिक गंभीर है? सीमाओं की सुरक्षा या सीमा प्रबंधन की चुनौतियों को प्राथमिक मानें या अंदरूनी चुनौतियों के राजनीतिक-सामाजिक प्रबंधन को? कल्पना कर सकते हैं कि कैसा विकट मामला है।

## विविध-समाचार

### शीतकालीन सत्र का प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ा

**-केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग, लोकतंत्र की हत्या करने के लिए किया जा रहा : भूपेश बघेल**

रायपुर, (आरएनएस)। विधानसभा का शीतकालीन सत्र का प्रश्नकाल हंगामे के भेट चढ़ गया। प्रश्नकाल के पश्चात भूपेश बघेल ने केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों द्वारा जनप्रतिनधियों को डराने और दबाने तथा परेशान करने के लिए विभिन्न चार्जशीट पेश की जा रही है। इस मामले में हमने स्थगन प्रस्ताव रखा है इस पर चर्चा कराई जाए। सदन में इसको लेकर जोरदार हंगामा हुआ। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने व्यवस्था दी कि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की कार्यवाही पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो सकती। कांग्रेस के भूपेश बघेल ने इसका विरोध किया और आरोप लगाया कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। अध्यक्ष द्वारा स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करने के विरोध में कांग्रेस के सदस्य गर्भगृह में आ गए, इनके निलंबन की घोषणा अध्यक्ष ने कर दी। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के बाद जैसे ही सदन प्रारंभ हुआ भूपेश बघेल ने केन्द्रीय एवं राज्य एजेंसियों पर आरोप लगाया कि वे लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। इस पर हमने स्थगन प्रस्ताव रखा है। इस पर चर्चा कराई जाए। इसका विरोध करते हुए भाजपा के अजय चन्द्राकर ने कहा कि राज्य की कोई एजेंसी जांच नहीं कर रही है और छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र खतरे में नहीं है।

### बृजबाई कर रही है घर गृहस्थी के कार्यो में राशि का उपयोग

रायपुर,(ए)।, राज्य सरकार की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सकरी निवासी बृज बाई साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें अब तक 22 किश्तों में कुल 22,000 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। इस राशि का उपयोग वे सब्जी-भाजी, राशन सहित अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। बृज बाई साहू ने बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नगद रकम लेकर आनलाइन पेमेंट का दिया झांसा, पकडे गए

जबलपुर, (ए)। जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने एमपी ऑनलाइन शॉप संचालकों को 2 लाख 10 हजार रुपए का चूना लगा दिया। इस संबंध में पीडित दुकान संचालक अमित बर्मन ने बताया कि वह वार्ड नंबर 9 में रहता है। उसकी ऑनलाइन शॉप है। उसके पास कल लगभग 4.25 बजे एक युवक आया और बोलने लगा कि मेरे अकाउंट में पैसे डाल दो मैं आपको कैश दे दूंगा। उसने उसके बताए हुए अकाउंट पर 60 हजार डाल दिए। थोड़ी देर बाद युवक ने कहा मेरे पास पैसे नहीं है मेरा एक दोस्त पैसे लेकर आ रहा है, मैं पांच मिनट में आपको पैसे दे दूंगा। ऐसा कर युवक ने आधा घंटा निकाल दिया उसके बाद कहने लगा कि मेरा मित्र नहीं आ रहा है। चलो मार्केट से मैं आपको पैसे दिलवा देता हूं। अमित के मुताबिक मार्केट ले जाने के बाद युवक ने 3 घंटे उसे घुमाया उसके बाद पैसे नहीं मिले। इसके बाद हम लोगों ने युवक को शहपुरा पुलिस के हवाले कर मामला दर्ज कराया।

# भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार : अनुराग सिंह ठाकुर

**भारत खेलता,खिलता, जीतता और आगे बढ़ता दिख रहा : अनुराग सिंह ठाकुर**




नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विगत 11 वर्षों में खेल क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मोदी सरकार के उल्लेखनीय प्रयासों व कार्यों पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 2014 में आदरणीय मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी तो पहले ही दिन से खेल के प्रति सरकार का रुख स्पष्ट था । हम खेल के साथ कोई खेल नहीं होने देंगें। खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं इसलिए उनके ट्रेनिंग और जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि खेलेगा भारत और बढ़ेगा भारत। खेल के क्षेत्र में हमर Super Five में जाने के लिए कदम बढ़ा चुके हैं और 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 120बिलियन डॉलर हो जाएगी। मैं गर्व के साथ कह सकता कि आज भारत के पास ऐसे विशाल International Sports Events को आयोजित करने का साधन भी है, साहस भी है और संकल्प भी है और आज अपने भारत अपने सामर्थ के दम पर 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार खड़ा है

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा एक वह भी समय था जहाँ युवा एवं खेल मंत्रालय को 800करोड़ के आसपास का वजट देकर निपटा दिया जाता था । आज युवा एवं खेल मंत्रालय का कुल वजट आज Rs 3,794.30 करोड़ है। देश भर में महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए ASMITA (Achieving Sports Milestone by Inspiring Women through Action) के अंतर्गत देश भर में 20 खेलों का आयोजन किया गया। इसमें कुल 766 प्रतियोगिताओं में 83,763 महिला खिलाड़ियों की भागीदारी उसी तरह KIRTI (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम के तहत पूरे भारत में पूरे भारत में 9 से 18 वर्ष के बच्चों में खेल प्रतिभा की पहचान करने के assessment कराये जाने की शुरुवात की। अब तक 1.8 लाख से अधिक बच्चों के खेल प्रतिभा का assessment हो चुका है।

## गिरफ्तारी के बाद पहली बार दिखा अमृतपाल, हाईकोर्ट में खुद रखा पक्ष; संसद सत्र में शामिल होने की मांगी इजाजत

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए पेश हुआ। साल 2023 में नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (NSA) के तहत हिरासत में लिए जाने के बाद यह पहला मौका था जब उसकी कोई सार्वजनिक तस्वीर सामने आई है। वकीलों की हड़ताल के चलते अमृतपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खुद ही अपना पक्ष रखा और अदालत को बताया कि उसके जेल में रहने से उसके संसदीय क्षेत्र का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद अमृतपाल सिंह ने चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की बेंच के सामने अपनी दलीलें पेश कीं। उसने अदालत से मौजूदा संसद सत्र में शामिल होने की इजाजत मांगी है, ताकि वह पंजाब में बाढ़, नशे की समस्या और अपने क्षेत्र के लिए एमपी लैड (MPLAD) फंड जैसे मुद्दों को उठा सके।



अमृतपाल ने बेंच से कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुने हुए प्रतिनिधि को संसद में अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाने का अधिकार है, लेकिन उसे सशर्त जमानत तक नहीं दी जा रही है। उसने कहा कि मुझ पर लगे आरोपों को और बढ़ा दिया गया है, जबकि एक सांसद के तौर पर मुझे सदन में अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। अमृतपाल ने अपनी हिरासत अवधि बढ़ाए जाने के आदेश को भी संवैधानिक आधार पर चुनौती दी है। उसने अदालत में तर्क दिया कि पंजाब सरकार ने एनएसए बढ़ाने के लिए जिन मामलों का हवाला दिया है, वे तार्किक नहीं हैं। उसने दलील दी कि सरकार के डोजियर में कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र है जो तब हुई जब वह पहले से ही जेल में बंद था, ऐसे में उन घटनाओं में उसकी संलिप्तता संभव ही नहीं है। अमृतपाल ने पुलिस गवाहों के बयानों को विरोधाभासी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार यह साबित करने में पूरी तरह विफल रही है कि उसके मामले में निवारक हिरासत (Preventive Detention) जैसे कड़े कदम की जरूरत क्यों बनी हुई है।

## आईएनएस हंसा पर दूसरी एमएच-60आर रोमियो मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर लॉन्च



### इसके साथ ही भारत वर्ल्ड पावर्स देशों की सूची में शामिल हो गया

नई दिल्ली,(ए)। भारत अपनी सैन्य ताकत को लगातार बढ़ा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडियन आर्म्ड फोर्सेज को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। मॉडर्न वॉरफेयर में एयरफोर्स और नेवी की घोषणा बेहद अहम है। इजराइल-ईरान से लेकर रूस-यूक्रेन वॉर तक में इसकी पुष्टि हो चुकी है। ऐसे में भारत का एयरफोर्स के साथ ही नेवी पर ज्यादा फोकस है। इस लिहाज से बुधवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में नेवी की गोवा में स्थित आईएनएस हंसा नेवी बेस पर दूसरी एमएच-60आर रोमियो मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन को कमीशन किया गया। इसके साथ ही भारत उन वर्ल्ड पावर्स देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास सबमरीन को हेलीकॉप्टर के जरिये पानी के अंदर ही तबाह करने की क्षमता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोमियो हेलीकॉप्टर की कमीशनिंग से भारतीय नेवी की ताकत में कई गुना तक इजाफा होगा। यह भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। अमेरिका से साल 2020 में खरीदे गए 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों में से अब दूसरी पूरी स्क्वाड्रन तैयार हो गई है। पहली स्क्वाड्रन आईएनएएस334 को मार्च 2024 में कोच्चि में कमीशन किया था।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने भाजपा के नव नियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## केंद्र फंडों के वितरण का निर्णय करते समय सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल करें : मीत हेयर

चंडीगढ़/नई दिल्ली , (आरएनएस)। संगरूर से लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने संसद में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की सीनेट में बदलाव और पंजाब को बाढ़ राहत पैकेज से वंचित रखने के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार कोई भी निर्णय लेते समय संबंधित राज्यों की सहमति और सभी राज्यों की प्रतिनिधिता सुनिश्चित करे। मीत हेयर ने संसद में आज 'पुनर्विचार एवं संशोधन बिल 2025' पर बहस में हिस्सा लेते हुए कहा कि 71 कानूनों में संशोधन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को बराबर की हिस्सेदारी देने के संशोधन की जरूरत है। मीत हेयर ने कहा कि जैसे जीएसटी काउंसिल में सभी राज्यों की प्रतिनिधिता है, वैसे ही अन्य मामलों में भी राज्यों को प्रतिनिधिता मिलनी चाहिए। आप सांसद ने पंजाब में आए भयानक बाढ़ों का आज फिर मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब दो साल पहले बिहार में बाढ़ आई थी तो 12 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया गया था, लेकिन पंजाब के साथ अब भेदभाव किया गया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा कहीं भी यह देखकर नहीं आती कि उस राज्य में भाजपा की सरकार है या गैर-भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि फंड जारी करने में पक्षपात नहीं करना चाहिए।

## हरियाणा में बढ़ते प्रदूषण पर आप राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने जताई चिंता, बोले- कांग्रेस-भाजपा चर्चा तक नहीं करते

**-तीन दिन का सत्र सिर्फ जनता के सवालों से भागने की भाजपा सरकार की साजिश : अनुराग ढांडा**

चंडीगढ़, (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने हरियाणा विधानसभा के केवल तीन दिन के शीतकालीन सत्र को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सिर्फ सत्र को छोटा नहीं किया गया, बल्कि जनता के सवालों को दबाने की सोची-समझी साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता की समस्याओं पर चर्चा से बचने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए विधानसभा को मात्र औपचारिकता बनाकर रखा गया है।

अनुराग ढांडा ने आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा की विधानसभा जनता की आवाज़ बनने के बजाय भाजपा और कांग्रेस की शेरो-शायरी का मंच बन चुकी है। जहां सदन में बेरोज़गारी, अपराध, घोटाले और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर बहस होनी चाहिए थी, वहां मात्र कविताएं और तुकबंदी सुनाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने विधायकों को कविता पाठ के लिए नहीं, सवाल पूछने और समाधान निकालने के लिए चुना है।

अनुराग ढांडा ने हरियाणा में लगातार बिगड़ते प्रदूषण पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि पूरे प्रदेश, खासकर NCR से सटे जिलों में हवा ज़हर बन चुकी है। रोहतक, पलवल, फरीदाबाद, हिसार जैसे शहरों में लोग सांस लेने में तकलीफ महसूस कर रहे हैं, बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है, अस्पतालों में मरीज बढ़ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार और कांग्रेस विपक्ष दोनों इस जानलेवा संकट पर चुप्पी साधे हुए हैं। विधानसभा सत्र में न तो प्रदूषण पर कभी गंभीर चर्चा होती है और न ही जनता को राहत देने की कोई ठोस कार्ययोजना सामने रखी जा रही है।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हों या हरियाणा में नायब सिंह सैनी, दोनों जगह भाजपा सरकारें बढ़ते प्रदूषण पर आंख मूंदे बैठी हैं। जब लोगों को साफ हवा की ज़रूरत है, तब सरकारें जिम्मेदारी से भाग रही हैं। भाजपा के लिए प्रदूषण जनस्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि अनदेखी करने वाला विषय बन चुका है।

### हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर दर्दनाक हादसा, कार-ट्रक टक्कर में चार लोगों की मौत

ऋषिकेश (आरएनएस)। उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास मंगलवार देर रात एक कार एवं ट्रक में टक्कर हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक सड़क पर अचानक आए एक जानवर को बचाने के प्रयास में वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक से टकरा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। क्रेन की मदद से कार को ट्रक से अलग किया गया और उसे काटकर शव बाहर निकाले गए। पुलिस के मुताबिक कार के मालिक की पहचान सोनू कुमार निवासी चंद्रेश्वर मार्ग, ऋषिकेश के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में दो मृतकों की पहचान धीरज जायसवाल (30) निवासी चंद्रेश्वर नगर और हरिओम (22) निवासी गुमानीवाला, ऋषिकेश के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने पंजाब को यू.के. के लिए निवेश हब के रूप में प्रस्तुत किया

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां पंजाब-यू.के. रणनीतिक संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए ब्रिटेन के साथ, विशेष रूप से अब तक कम उपयोग में आए क्षेत्रों में, मजबूत और व्यापक रणनीतिक व व्यावसायिक संबंधों पर बल दिया।

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा समैरिग्लियो तथा यू.के. से जुड़ी विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पारंपरिक और उभरते हुए नए क्षेत्रों में यू.के. के साथ मजबूत व्यावसायिक साझेदारी के लिए इच्छुक है। उन्होंने बताया कि राज्य ने सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों—उच्च शिक्षा, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स तथा कृषि और फूड प्रोसेसिंग—के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं जैसे उभरते क्षेत्रों की भी पहचान की है।भगवंत सिंह मान ने पंजाब की क्षमताओं को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत खाका प्रस्तुत किया और बताया कि राज्य में पांच हवाई अड्डों तथा मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग संपर्कों के साथ विश्वस्तरीय और सुदृढ़ कनेक्टिविटी नेटवर्क उपलब्ध है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के पास अत्यधिक कुशल कार्यबल है, जो हर क्षेत्र के विकास की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब तुलनात्मक रूप से किफायती और शांतिपूर्ण श्रमबल उपलब्ध कराता है, जो इसे निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में एकीकृत निवेश प्रणाली मौजूद है और 'इन्वेस्ट पंजाब' सिंगल-विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करता है, जो डीम्ड अप्रूवल तंत्र के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक मंजूरियां प्रदान करता है, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत होता है। मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक पोर्टल और सिंगल-विंडो सुविधा पर भी प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, अनुपालनों के बोझ को कम करना और पंजाब में व्यापार को अधिक सुगम बनाना है।भविष्य के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक प्रगति को तेज करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने यू.के. से मजबूत संबंध रखने वाली विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया, जिनमें से कई ने पंजाब के साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया। मुख्यमंत्री ने यू.के. के निवेशकों को पंजाब में अपने कारोबार शुरू करने या विस्तार करने का हार्दिक आमंत्रण दिया और कहा कि मजबूत आधारभूत ढांचा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और निवेशक-अनुकूल नीतियां पंजाब को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती हैं।

## नोएडा प्राधिकरण का प्रदूषण पर सख्त रुख, ग्रैप-4 के पालन को लेकर प्रशासन अलर्ट




नोएडा (आरएनएस)। खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने ग्रैप-4 के सख्त पालन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने की। इसमें प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि, आईटी कंपनियों, स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बैठक में केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में 15 दिसंबर को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन पर जोर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नोएडा में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को प्रमुख कारण बताते हुए ई-व्हीकल को बढ़ावा देने, चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, पुराने और बीएस-VI मानक से नीचे के वाहनों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर सुधार कार्य तेज करने और अनावश्यक जाम से बचाव पर भी जोर दिया गया।आईटी कंपनियों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों से ग्रैप-3 और ग्रैप-4 की अवधि में वर्क फ्रॉम होम तथा ऑनलाइन/हाइब्रिड मोड अपनाने की अपील की गई, ताकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो। इस दौरान बड़े कार्यक्रमों के आयोजन से भी परहेज करने को कहा गया।

## शहीदी सभा के अवसर पर संगत के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, आवागमन, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम : सीएम मान

**-लगभग 50 लाख संगत छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी को श्रद्धा एवं सम्मान भेंट करेगी**

चंडीगढ़ (आरएनएस)। फतेहगढ़ साहिब की पावन धरती पर शहीदी सभा के अवसर पर छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी की महान कुर्बानी को नमन करने के लिए दुनिया भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज बताया कि संगत के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, आवागमन, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य इंतजाम व्यापक स्तर पर किए गए हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई कठिनाई न आए।आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि संगत की बड़ी आमद को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20 आम आदमी क्लीनिक और 5 डिस्पेंसरी स्थापित की जा रही हैं जहां विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य स्टाफ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों और डिस्पेंसरियों



के लिए दवाइयां तथा अन्य सामान की व्यवस्था कर ली गई है।दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान कुर्बानी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे साहिबजादों द्वारा अंतर्मन की आवाज के अनुसार धर्म अपनाने के मानवीय अधिकार की रक्षा के लिए दी गई अनुपम कुर्बानी मानव इतिहास में अनूठी घटना है। उन्होंने कहा कि सिख इतिहास में इस कुर्बानी को 'छोटी जिंदगियों' के 'बड़े साके' के नाम से याद किया जाता है। इस साके को हुए भले ही तीन शताब्दियों से अधिक समय बीत गया हो, लेकिन समूचे सिख जगत द्वारा इसकी पीड़ा आज भी बड़ी तीव्रता से महसूस की जा रही है।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शहर में संगत के आने-जाने के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा देने हेतु 'इंटर सिटी शटल बस सेवा' शुरू की जाएगी और शहीदी सभा के दौरान 200 शटल बसें तथा 100 ई-रिक्शा संगत के लिए तैनात होंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये बसें और ई-रिक्शा बाहर से आने वाली संगतों को पार्किंग स्थलों से गुरुद्वारा साहिब और अन्य स्थानों तक ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए इस बार गूगल कंपनी की सेवाएं भी प्राप्त की जा रही हैं जो फतेहगढ़ साहिब आने वाली सड़कों पर ट्रैफिक की स्थिति के बारे में सटीक जानकारी देगी ताकि किसी सड़क पर अधिक ट्रैफिक होने की स्थिति में तुरंत वैकल्पिक प्रबंध किए जा सकें।

# रेड लहंगे में पलक तिवारी ने फ्लॉन्ट किया क्रिसमस लुक



श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अक्सर ही अपने फैशन सेंस को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं. उनके स्टाइलिश अवतार के सभी दीवाने हैं. अब लहंगा पहन उन्होंने बखूबी अपने हुस्न का जलवा बिखेरा है.

पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनके स्टाइलिश लुक्स के खूब चर्चे होते हैं. आए दिन पलक तिवारी अपने लुक्स से एक्सपेरीमेंट करती रहती हैं और उनके इन यूनिक स्टाइल्स को बहुत पसंद किया जाता है.अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इसमें रेड लहंगा पहने पलक तिवारी का ये ग्लैमरस अवतार देखते बन रहा है. सुर्ख लाल लहंगा एक्ट्रेस पर काफी जच रहा है. पूरे आउटफिट में बारीक कारीगरी की गई है जो इसकी खूबसूरती को और भी निखारती है.सटल मेकअप और खुले बालों के साथ माथे पर छोटी सी लाल बिंदी लगाए एक्ट्रेस ने अपना ये लुक कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने सिल्वर कलर का चोकर भी कैरी किया है जो उनके आउटफिट को कॉम्प्लीमेंट करता है.इसके साथ ही पलक तिवारी ने ग्रीन लहंगे में भी अपनी तस्वीरें शेयर की हैं. ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं और फैंस उनके इस ग्लैमरस लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.ये नो स्ट्रैप चोली है जिसमें सीक्विन वर्क किया गया है. अदाकारा ने अपने हाथों में दुपट्टे को ड्रेप किया है जिससे पूरे आउटफिट पर फोकस जा रहा है. वहीं दूसरी ओर लहंगे में भी हेवी कारीगरी की गई है जिससे ये एक परफेक्ट पार्टी लुक लग रहा है.अपने आउटफिट को सूट करते हुए अदाकारा के मल्टीकलर का नेकपीस कैरी किया है. इसकी डिजाइन भी काफी यूनिक है. हाथों में बड़ी सी रिंग और चुड़ियों के साथ उनका अपना लुक कंप्लीट किया. ग्लौसी मेकअप और सॉफ्ट कर्ल्स उनकी खूबसूरती पर चार चांद लगा रहे हैं.बता दें, पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड में भी अपना कदम रख चुकी हैं. सलमान खान के साथ उन्हें किसी का भाई किसी का जान में देखा गया और यही उनकी पहली फिल्म थी. लेकिन इसके पहले हार्डी संधू के म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली ने उन्हें ऑडियंस के बीच इतनी पॉपुलैरिटी दी.

# विजय दिवस पर बॉर्डर 2 का दमदार टीजर जारी, दुश्मनों को छलनी करने लौटे सनी देओल

बॉर्डर 2 के मेकर्स ने विजय दिवस के मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है, जो काफी दमदार है. सिनेमा प्रेमियों को फिल्म का टीजर काफी पसंद आया है. फिल्म के टीजर लॉन्च का कार्यक्रम मुंबई में किया गया. इस मौके पर बॉर्डर 2 की पूरी टीम मौजूद रही.

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर बॉर्डर 2 का टीजर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, वजह कहां तक जानी चाहिए...इस विजय दिवस पर, साल के सबसे प्रतीक्षित टीजर का जश्न मनाएं.




2 मिनट 4 सेकंड के टीजर की शुरुआत के हॉर्न से होती है, जो एक युद्ध की आगाज को दर्शाता है. टीजर में भारतीय सेना के बंकर की झलक दिखाई जाती है, जहां दुश्मन सेना हमला करते हैं. इस हमले में घायल हुए भारतीय जवानों की झलक दिखाई गई है. इस दौरान सनी देओल के आवाज में डायलॉग सुनने को मिलता है, जो कहते हैं, तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समुद्र से...सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे... जो आंखों में आंखे डालकर सीना ठोक कर कहेगा...हिम्मत है तो आ और ये खड़ा है हिंदुस्तान.

इस डायलॉग के बीच फिल्म के सभी किरदारों की झलक दिखाई गई है, जिसमें वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी शामिल हैं. इस डायलॉग के बाद सनी देओल की झलक दिखाई जाती है, जो दुश्मनों पर प्रहार करते दिखाई देते हैं. यह टीजर काफी दिलचस्प है और युद्ध क्षेत्र के सीन को बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है. यह सीन 1971 के युद्ध को दर्शाती है. इसमें सोनम बाजवा, मेधा राणा और परमवीर चीमा की झलकिया. भी दिखाई गई हैं.

टी-सीरीज और जे. पी. फिल्म्स की प्रोड्यूस की गई बॉर्डर 2 में सनी देओल अपनी पुरानी भूमिका में नजर आएंगे. उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, सोनम बाजवा, मोना सिंह और मेधा राणा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस वीकेंड पर रिलीज होने वाली है. जे.पी. दत्ता की निर्देशित ओरिजिनल बॉर्डर को भारत की सबसे महान युद्ध फिल्मों में से एक माना जाता है, जो बाद में एक कल्ट क्लासिक बन गई. फिल्म की दमदार कहानी, यादगार गाने और शानदार एक्टिंग की आज भी तारीफ होती है. यह बॉक्स ऑफिस पर एक बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर थी, जिसने दुनिया भर में 55 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी.

# मैं एक ही फिल्म दो बार भी नहीं देखती, लेकिन धुरंधर 4-5 बार देखना चाहती हूं : एलनाज नौरोजी




आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर का बॉक्स ऑफिस पर जलवा देखने को मिल रहा है। 250 करोड़ से ज्यादा कमाई कर चुकी फिल्म को खूब तारीफ मिल रही है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई स्पाई-थ्रिलर दर्शकों के साथ ही सेलेब्रिटीज को भी खूब पसंद आ रही है। ईरानी मूल की अभिनेत्री और मॉडल एलनाज नौरोजी ने भी फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े। फिल्म की तारीफ के लिए एलनाज ने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया। धुरंधर का पोस्टर पोस्ट करते हुए उन्होंने दिल खोलकर प्रशंसा की। एलनाज ने न केवल कहानी बल्कि निर्देशक और स्टारकास्ट को भी कमाल बताया। एलनाज ने पोस्ट में लिखा, मैं बस यही महसूस कर रही हूं कि वाह! क्या कमाल की फिल्म है। फिल्म मेकिंग अपने सबसे अच्छे रूप में है आदित्य धर। एक्टर रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना ने बेजोड़ एक्टिंग की है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें सिनेमा बहुत पसंद है, लेकिन आमतौर पर किसी भी फिल्म को वह दो बार से ज्यादा नहीं देखती हैं। लेकिन, धुरंधर वह बार बार देखना चाहती हैं।

उन्होंने लिखा, मैं एक्टिंग के क्षेत्र से हूं और सिनेमा मुझे पसंद है। लेकिन मैं एक ही फिल्म को दो बार भी देखना पसंद नहीं करती। लेकिन, खास बात है कि धुरंधर इतनी शानदार है कि इसे मैं तीन-चार-पांच या बार देखना चाहती हूं। धुरंधर को दर्शकों के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों से भी खूब तारीफ मिल रही है।

भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों की बहादुरी और जियोपॉलिटिकल मुद्दों पर आधारित फिल्म में रणवीर सिंह ने एक रॉ एजेंट की भूमिका निभाई है, जबकि अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन, राकेश बेदी और सारा अर्जुन भी महत्वपूर्ण किरदार में हैं। फिल्म की कहानी कंधार हाइजैक, 26 नवंबर जैसी सच्ची घटनाओं से इंस्पायर्ड है। तारीफ के साथ ही फिल्म की आलोचनाएं भी हो रही हैं। कुछ क्रिटिक्स ने इसे प्रोपेगेंडा कहा है। एलनाज नौरोजी सेक्रेड गेम्स, मस्ती 4 के साथ ही बॉलीवुड में कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुकी हैं। -

# रणबीर कपूर की रामायण का 3डी प्रोमो दिखाएंगे नितेश तिवारी, फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश के साथ होगा जारी

*रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित महाकाव्य रामायणः पार्ट 1 को 2026 की सबसे बड़ी फिल्म कहा जा रहा है। इसकी पहली झलक इसी साल जारी हुई थी, जिसने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया था।*




अब खबर है कि निर्देशक नितेश तिवारी रामायण का प्रोमो 3डी में जारी करने की योजना बना चुके हैं। प्रोमो जारी करने के लिए खास दिन चुना गया है, और वो 19 दिसंबर है जब अवतारः फायर एंड ऐश सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रामायणः पार्ट 1 का नया 3डी प्रोमो, जेम्स कैमरून की फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश के साथ जारी किया जाएगा। मतलब यह है कि 19 दिसंबर को जब दर्शक सिनेमाघरों में अवतार 3 देखने पहुंचेंगे, तो पहले उन्हें रामायण के 3डी प्रोमो के रूप में तोहफा मिलेगा। 8 बार ऑस्कर जीत चुके विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो डीएनईजी ने प्रोमो के विजुअल्स तैयार कर लिए हैं। यह रामायण को सिनेमाघरों में देखने का पहला मौका होगा।

प्राइम फोकस स्टूडियोज द्वारा निर्मित और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स द्वारा सह-निर्मित रामायणः पार्ट 1 सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। रणबीर फिल्म में श्रीराम का किरदार निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में हैं। सुपरस्टार यश को रावण के किरदार में देखा जाएगा। यह फिल्म दो भागों में बन रही है,

# द केरल स्टोरी के बाद चरक लेकर आए सुदीप्तो सेन, टीजर के साथ रिलीज तारीख जारी

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक सुदीप्तो सेन अब निर्माता की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इस जिम्मेदारी के साथ उन्होंने अपनी पहली फिल्म चरकः फेयर ऑफ फेथ की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर फिल्म का छोटा टीजर जारी किया गया है। साथ में रिलीज तारीख से पर्दा उठाया है। चरक के निर्देशन की कमान शीलादित्य मौलिक ने संभाली हैं। राजेश भट्ट सह-निर्माता हैं, जबकि अमरनाथ झा रचनात्मक निर्देशक हैं। फारूक मलिक ने फिल्म के संवाद लिखे हैं।चरक का टीजर 22 सेकंड का है, जिसमें पूरा फोकस फिल्म के नाम पर किया गया है। इसकी कहानी बंगाल में होने वाली चरक पूजा और अंधविश्वास के इर्द-गिर्द घूमती है।सुदीप्तो ने बताया था कि उनकी फिल्म भारतीय संस्कृति, खासकर बंगाल की संस्कृति में रची-बसी है। 6 मार्च, 2026 को चरक सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार है। सुदीप्तो फिल्म द केरल स्टोरी और बस्तरः द नक्सल स्टोरी के लिए जाने जाते हैं।वास्तविक कहानियों को बड़ी सहजता से बड़े पर्दे पर उतारने वाले निर्देशक सुदीप्तो सेन 'चरक' के साथ भी ऐसा ही कुछ करने जा रहे हैं।



# स्ट्रीट फाइटर से विद्युत जामवाल की पहली झलक जारी, दमदार लुक ने बढ़ाई फिल्म की चर्चा


बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल एक बार फिर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। इस बार उन्होंने हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर के लिए अपनी कमर कसी है, जो काफी समय से चर्चा में है। दिलचस्प बात ये है कि निर्माताओं ने फिल्म से विद्युत की पहली झलक जारी कर दी है। अभिनेता का लुक आंखों को धोखा देने के लिए काफी है। एक मिनट के लिए उन्हें पहचान पाना मुश्किल होगा। स्ट्रीट फाइटर की रिलीज तारीख भी आ गई है।विद्युत ने सोशल मीडिया पर अपना स्ट्रीट फाइटर लुक साझा किया है। साथ में कैप्शन दिया, अपनी सीमाओं से आगे बढ़ें। विद्युत जामवाल धल्सिम हैं। दरअसल, फिल्म में अभिनेता धल्सिम का किरदार निभा रहे हैं। इसकी कहानी 1987 में लॉन्च कैपकॉम के वीडियो गेम पर आधारित है। फर्स्ट लुक में विद्युत जामवाल पूरी तरह गंजे लुक, इंटेंस एक्सप्रेशन और रहस्यमयी आभा के साथ दिखाई देते हैं—जो धालसिम की पहचान का अहमहिस्सा है। सोशल मीडिया पर फैन्स उनकी इस ट्रांसफॉर्मेशन की जमकर तारीफ कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने इस रोल में वही आध्यात्मिकता, अनुशासनऔर ऊर्जा उतारी है जिसकी धालसिम के किरदार को ज़रूरत होती है।धालसिम स्ट्रीट फाइटर यूनिवर्स का सबसे पॉपुलर और अनूठा किरदार है—एक योगी जिसके पास टेलीपैथिक क्षमता और उन्नत योगिक शक्तियाँ हैं।



# धुरंधर की धुंआधार कमाई 11वें दिन भी जारी, कपिल की फिल्म का हाल हो रहा बेहाल

रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना अभनीत फिल्म धुरंधर हर दिन कामयाबी के नए आयाम पर पहुंच रही है। दूसरे हफ्ते में आकर भी बॉक्स ऑफिस पर इसके कदम बिल्कुल डगमगाए नहीं हैं। वीकेंड पर तहलका मचाने के बाद फिल्म ने कारोबारी दिनों पर भी अपनी धुंआधार कमाई को जारी रखा है। दूसरी ओर, कपिल शर्मा की किस किसको प्यार करूं 2 को बिल्कुल भी फायदा नहीं मिल रहा है। धुरंधर के आगे फिल्म को घुटने टेकने पड़ गए हैं।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर ने रिलीज के 11वें दिन यानी सोमवार को 29 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 379.75 करोड़ की कमाई कर ली है। दुनियाभर में धुरंधर ने सबसे तेज 579.25 करोड़ कमाए हैं, जिसके बाद यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली तीसरी भारतीय फिल्म बन गई है। हालांकि, सुनियाभर के कारोबार में यह अभी छावा (807.91 करोड़) और कांताराः चैप्टर 1 (852.25 करोड़) से पीछे हैं।कपिल की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने रिलीज के 4 दिन के बाद ही दम तोड़ना शुरू कर दिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने चौथे दिन यानी सोमवार को कुल 90 लाख रुपये कमाए हैं। इसने तीसरे दिन 2.9 करोड़, दूसरे दिन 2.5 करोड़ और पहले दिन 1.85 करोड़ का कारोबार किया था।

# कितनी देर तक चबानी चाहिए च्युइंग गम? साइंस ने खोजा टाइमिंग का फॉर्मूला!



च्युइंग गम कइयों के लिए टाइम पास है, तो कुछ इसे माउथ फ्रेशनर के तौर पर यूज करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि च्युइंग गम कितनी देर तक चबाना सही होता है? नीदरलैंड्स की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रॉनिंगन के कुछ शोधार्थियों ने कुछ साल पहले एक रोचक रिसर्च की। टीम ने पाया कि च्युइंग गम सिर्फ मुंह का स्वाद बदलने या बोरियत भगाने की चीज नहीं, बल्कि मुंह की सफाई में भी मददगार हो सकती है, बशर्ते टाइमिंग का ख्याल रखा जाए यानी इसे सही समय तक चबाया जाए। इस अध्ययन में 5 अलग-अलग ब्रांड्स की गम्स को 10 मिनट और 30 मिनट तक चबाकर जांचा गया। पता चला कि 10 मिनट तक चबाने से मुंह से करीब 100 मिलियन बैक्टीरिया बाहर निकल जाते हैं! लेकिन चौंकाने वाली बात ये थी कि 30 मिनट के बाद चबाने पर इसका असर कम होने लगा।चलिए जानते हैं कि आखिर जब आप च्युइंग गम चबाते हैं तो होता क्या है? तो वैज्ञानिकों के मुताबिक स्लाइवा या लार का प्रवाह बढ़ता है जो गम में मिलकर बैक्टीरिया और डेड सेल्स को सोख लेता है। शुरुआत में जब गम सबसे ज्यादा एक्टिव होता है तो स्पंज की तरह बैक्टीरिया खींचता है, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है गम की बैक्टीरिया पकड़ने की ताकत घटने लगती है। इसलिए 10 मिनट तक चबाना मुंह के लिए अच्छा होता है।एक और स्टडी है अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन की। जो कहती है कि शुगर फ्री च्युइंग गम को 20 मिनट तक चबाना चाहिए और ये दांतों को साफ रखने में मदद करता है। लेकिन अकसर देखा जाता है कि स्वाद या बस यूं ही चबाने वाले समय का ध्यान ही नहीं रखते और देर तक गम चबाते हैं। ये जबड़ों पर जोर डाल सकता है, खासकर अगर टीएमजे यानी जॉ ज्वाइंट समस्या हो तो।

दोनों स्टडी का लबोलुआब ये है कि किसी भी च्युइंग गम को चबाने का सही समय 10 से 20 मिनट के बीच का होता है। इससे माउथ हाइजीन, लार प्रवाह और सांस की ताजगी बनी रहती है। और अगर समय की इस पाबंदी को दरकिनार किया तो तय है कि ये बेअसर होगा और कुछ मामलों में तो जबड़ों को नुकसान भी पहुंचा सकता है।

# सिंहगर्जनासन : खर्राटों की समस्या दूर कर श्वसन तंत्र को बनाए मजबूत, ऐसे करें अभ्यास

सिंहगर्जनासन एक शक्तिशाली योग मुद्रा है, जो खर्राटों की समस्या को दूर करने में बेहद प्रभावी है। यह आसन गले की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, श्वसन तंत्र को खोलता है और सांस की रुकावट को कम करता है। इसके नियमित अभ्यास से कई फायदे मिलते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सिंहगर्जनासन एक सरल और प्रभावी योगासन है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। यह आसन सिंह की मुद्रा और गर्जना की नकल करता है, जिससे चेहरे, गले और श्वसन तंत्र को विशेष लाभ मिलता है। सिंहगर्जनासन के नियमित अभ्यास से रात में अच्छी नींद आती है। थायरॉइड, टॉन्सिल और सांस संबंधी विकारों में राहत मिलती है। नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है और शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।

सिंहगर्जनासन अभ्यास की विधि भी आसान है। सबसे पहले वज्रासन मुद्रा में बैठें। इसके लिए घुटनों को फैलाकर बैठें, एड़ियां नितंबों के नीचे रखें और पैरों के अंगूठे एक-दूसरे को छूते हुए हों। हाथों को घुटनों पर रखें या उंगलियां शरीर की ओर करके जमीन पर टिकाएं। रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। अब ठोड़ी को दो-तीन इंच ऊपर उठाएं और भौहों के बीच की ओर देखें। इस दौरान नाक से गहरी सांस लें। सांस छोड़ते समय मुंह खोलें, जीभ को पूरी तरह बाहर निकालें और सिंह की तरह ध्वनि के साथ गर्जना करें। इस प्रक्रिया को 5-10 बार दोहराना चाहिए। अभ्यास के बाद सामान्य सांस लें और आराम करें।

सिंहगर्जनासन गले, कान, नाक, आंख और मुंह की समस्याओं में राहत प्रदान करता है। टॉन्सिल, थायरॉइड और सांस संबंधी समस्याओं में लाभदायक है। चेहरे की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, जिससे चेहरे पर चमक आती है और समय से पहले झुर्रियां नहीं पड़तीं।

यह तनाव, क्रोध और अनिद्रा को दूर करता है तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखता है। यह आसन आवाज को मधुर और मजबूत बनाता है, हकलाहट में सुधार करता है। यही नहीं, यह श्वसन प्रणाली को मजबूत कर इम्यूनिटी बढ़ाता है और सीने की जकड़न दूर करता है।



योग विशेषज्ञों का कहना है कि सिंहगर्जनासन के रोजाना अभ्यास से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। हालांकि, कुछ सावधानियां रखनी जरूरी है। घुटनों, गले, चेहरे या जीभ में चोट या दर्द हो तो यह आसन न करें। हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग वाले मरीजों को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

गर्जना करते समय जोर न लगाएं, अन्यथा गले में खराश हो सकती है। शुरुआत में योग प्रशिक्षक की देखरेख में अभ्यास करें। गर्भवती महिलाएं या कोई गंभीर बीमारी वाले लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए।

### अमेरिका का डबल गेम बेनकाब

# क्वाड के नए दस्तावेज से आतंक का मुद्दा गायब, भारत के जख्मों की अनदेखी कर रहा ट्रंप प्रशासन

न्यूयॉर्क (आरएनएस) । वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दम भरने वाले अमेरिका का दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आया है। क्वाड (Quad) समूह को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक दस्तावेज ने भारत की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए ट्रंप सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दस्तावेज में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, तकनीक और मानवीय सहायता जैसे मुद्दों पर तो लंबा-चौड़ा बखान किया गया है, लेकिन 'आतंकवाद' जैसे गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साध ली गई है। यह दस्तावेज ऐसे समय में आया है जब भारत ने इस साल पहलगाम और लाल किले के पास भीषण आतंकी हमले झेले हैं, और यहां तक कि क्वाड सदस्य ऑस्ट्रेलिया भी बोंडी बीच पर दहशतगर्दी का शिकार हुआ है।



अमेरिका का यह रुख इसलिए भी हैरान करने वाला है क्योंकि इसी महीने 4 और 5 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई क्वाड काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक में अमेरिका के सुर बिल्कुल अलग थे। उस बैठक में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने एक सुर में सीमा पार आतंकवाद की निंदा की थी और 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के दोषियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया था। लेकिन जब आधिकारिक दस्तावेज जारी करने की बारी आई, तो अमेरिका ने बड़ी चालाकी से आतंकवाद के मुद्दे से किनारा कर लिया। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि मंच पर साथ देने और दस्तावेजों में मुद्दा गायब करने की यह अमेरिकी नीति उसके दोगलेपन को उजागर करती है।

इस साल भारत आतंकवाद के गहरे जख्मों से गुजरा है। 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जुलाई में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इस घटना की निंदा की थी। उस वक्त भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कर दिया था कि भारत अपनी जनता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा, जिसके बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया था। उस समय लगा था कि अमेरिका भारत के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है, लेकिन नए दस्तावेज ने यह साबित कर दिया है कि अमेरिका की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है।

## मूल रूप से भारतीय था सिडनी आतंकी हमले का मास्टरमाइंड साजिद, पिता के निधन पर भी नहीं लौटा था देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर हमला करने वाला आरोपी साजिद अकरम मूल रूप से भारतीय था। वह तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का



रहने वाला है और वर्ष 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद से उसका अपने परिवार से संपर्क बेहद सीमित रहा। वर्ष 2009 में पिता के निधन के समय भी वह भारत नहीं आयातेलंगाना पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने साजिद अकरम के परिवार का पता हैदराबाद के टोली चौकी स्थित अल हसनथ कॉलोनी में लगाया है। साजिद के पिता सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त अधिकारी थे, जबकि उसका बड़ा भाई डॉक्टर है। तेलंगाना के डीजीपी शिवधर रेड्डी ने बताया कि साजिद भारत छोड़ने के बाद मुख्य रूप से संपत्ति से जुड़े मामलों के लिए महज छह बार भारत आया। उन्होंने कहा कि पिता की मौत के बावजूद उसका भारत न आना इस बात को दर्शाता है कि परिवार से उसके संबंध बेहद कमजोर थे। रिपोर्ट के अनुसार, साजिद के परिजनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि साजिद और उसके 24 वर्षीय बेटे नवीद को कब और कैसे कट्टरपंथी बनाया गया।

## भारत-रूस के बीच नई एयर डिफेंस डील की आहट, पेन्टसर-एस1एम सिस्टम खरीदने की तैयारी; थर-थर कांपेंगे चीन-पाक



बीजिंग (आरएनएस)। भारत की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर पाकिस्तान, दूसरी ओर चीन और अब बांग्लादेश के साथ भी तनावपूर्ण हालात ने देश की रणनीतिक चिंताओं को और गहरा कर दिया है। ऐसे में पूर्व से पश्चिम और उत्तर तक भारत की सीमाओं को अभेद्य किले में तब्दील करना समय की मांग बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस आवश्यकता को और गंभीरता से महसूस किया जा रहा है, खासकर हवाई खतरों से निपटने के मोर्चे पर।

इसी दिशा में इंडियन एयरफोर्स, थल सेना और नौसेना लगातार अपने एयर डिफेंस नेटवर्क को मजबूत करने में जुटी हैं। स्वदेशी तकनीक के साथ-साथ आयातित एयर डिफेंस सिस्टम पर भी भरोसा जताया जा रहा है। भारत पहले ही रूस से S-400 एयर डिफेंस सिस्टम के कुछ स्क्वाड्रन खरीद चुका है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी प्रभावशीलता साबित की। अब इससे भी अधिक ताकतवर S-500 एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद को लेकर बातचीत शुरू होने की चर्चाएं हैं।

## *इमिग्रेशन नीति पर ट्रंप प्रशासन सख्त, अब इन देशों के लिए अमेरिका के दरवाजे बंद*

*वाशिंगटन(आरएनएस) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यात्रा प्रतिबंधों को और सख्त करने का आदेश जारी किया है। अब यह पाबंदी 30 से ज्यादा देशों पर लागू हो गई है। इस आदेश के तहत 20 और देशों के साथ-साथ फिलिस्तीनी अथॉरिटी को भी प्रतिबंध सूची में जोड़ दिया गया है। इस कदम से अमेरिका आने या इमिग्रेट करने वालों पर लगाई गई सीमाएं काफी बढ़ गई हैं। यह फैसला थैंक्सगिविंग वीकेंड के दौरान दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के मामले में एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी के बाद लिया गया है।*

*व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम अमेरिका में प्रवेश से जुड़े नियमों को और कड़ा करने के लिए उठाया गया है। सरकार का कहना है कि यह फैसला सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है। अधिकारियों ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के आरोपी एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी का भी हवाला दिया। हालांकि, इन प्रतिबंधों में कुछ छूट भी दी गई है। जिन लोगों के पास पहले से वैध अमेरिकी वीजा है, उन पर यह रोक लागू नहीं होगी। स्थायी निवास की अनुमति वाले लोग, राजनयिक, खिलाड़ी और कुछ अन्य श्रेणियों के वीज़ा धारक भी इससे बाहर रखे गए हैं। अगर किसी व्यक्ति का प्रवेश अमेरिका के हित में माना गया, तो उसे अनुमति मिल सकती है। सरकार ने यह नहीं बताया है कि ये नए नियम कब से लागू होंगे।*

# बम से ज्यादा घातक 2 MG की ये टैबलेट, 'सामूहिक विनाश का हथियार' घोषित , हर साल मर रहे 3 लाख लोग




वाशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करते हुए फेंटेनाइल को सामूहिक विनाश का हथियार घोषित किया है। उन्होंने कहा कि यह सिंथेटिक ओपियोइड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है और इसके अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, आज मैं एक ऐतिहासिक आदेश पर हस्ताक्षर कर रहा हूं, जिसके तहत फेंटेनाइल को सामूहिक विनाश का हथियार माना जाएगा। कोई भी बम उतना नुकसान नहीं करता, जितना यह नशा कर रहा है। उन्होंने बताया कि फेंटेनाइल से होने वाली मौतों की संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक है। उनके अनुसार हर साल दो से तीन लाख लोगों की मौत इस नशे की वजह से हो रही है, जिससे अमेरिकी परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के दुश्मन देश जानबूझकर फेंटेनाइल की तस्करी कर रहे हैं। उनका कहना था कि फेंटेनाइल को अमेरिका भेजने के पीछे मंशा अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाने की है। ट्रंप ने बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने को प्रगति के सबूत के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा, मई में, हमने अमेरिका के इतिहास में फेंटेनाइल की सबसे बड़ी खेप पकड़ी, एक ही बार में तीन मिलियन फेंटेनाइल गोलियां जब्त कीं।

इसके अलावा, कोलोराडो में पिछले महीने 17 लाख गोलियां जब्त की गईं। ट्रंप के अनुसार सीमा से आने वाले फेंटेनाइल की मात्रा में करीब 50 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में चीन भी अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फेंटेनाइल का सीमित मात्रा में चिकित्सा उपयोग होता है, लेकिन अवैध तरीके से बनाए जाने और अन्य पदार्थों में मिलाए जाने के कारण यह बेहद घातक बन गया है। उन्होंने कहा कि यही प्रक्रिया मेक्सिको में चल रही है। यह आदेश सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अन्य फैसलों के साथ जारी किया गया है। ट्रंप ने ड्रग माफिया को अमेरिका के लिए सीधा सैन्य खतरा बताया।फेंटेनाइल संकट अमेरिका के हाल के इतिहास की सबसे गंभीर स्वास्थ्य आपदाओं में से एक बन गया है।

## अमेरिका और वेनेजुएला की बीच बढ़ा तनाव, ट्रंप ने वेनेजुएला में आने-जाने वाले तेल टैंकरों की नाकाबंदी का दिया आदेश

वॉशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्तों में तनाव और गहराता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सख्त फैसला लेते हुए वेनेजुएला से आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया है। इस कदम को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिसका सीधा असर वेनेजुएला की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब बीते सप्ताह अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के तट के पास एक तेल टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया था। क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों के बढ़ने के बाद यह कार्रवाई असामान्य मानी जा रही है। सोशल मीडिया पर नाकेबंदी की घोषणा करते हुए ट्रंप ने आरोप लगाया कि वेनेजुएला तेल से होने वाली कमाई का इस्तेमाल ड्रग तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को वित्तपोषित करने में कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिकी सैन्य तैनाती आगे भी जारी रहेगी। अपने बयान में ट्रंप ने दावा किया कि वेनेजुएला को दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़े नौसैनिक घेरे में रखा गया है और आने वाले समय में यह दबाव और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक वेनेजुएला अमेरिका से कथित रूप से छीनी गई संपत्तियों को वापस नहीं करता, तब तक उस पर अभूतपूर्व असर डालने वाले कदम उठाए जाते रहेंगे।

## खेल समाचार

# भारत आकर भी मैदान पर क्यों नहीं उतरे मेसी ? वजह है उनका 7400 करोड़ का कीमती पैर

नई दिल्ली (आरएनएस) ।फुटबॉल की दुनिया के बेताज बादशाह लियोनेल मेसी का भारत दौरा किसी महाकुंभ से कम नहीं रहा। कोलकाता और हैदराबाद के बाद जब यह वैश्विक सितारा राजधानी दिल्ली पहुंचा, तो पूरा शहर मेसी के रंग में रंगा नजर आया। तीन दिनों के इस ऐतिहासिक दौरे ने भारतीय खेल प्रेमियों को कभी न भूलने वाला अनुभव दिया। हालांकि, इस दौरे की चकाचौंध और दीवानगी के बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। यह खबर मेसी के खेल कौशल से नहीं, बल्कि उनके बाएं पैर की उस कीमत से जुड़ी है, जो दुनिया के कई छोटे देशों की कुल अर्थव्यवस्था (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेसी के बाएं पैर का बीमा तुवालू, नाउरू, पलाउ और यहां तक कि डोमिनिका जैसे देशों की जीडीपी से भी अधिक है, जो उनकी वैश्विक अहमियत को दर्शाता है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मेसी का स्वागत एक ऐतिहासिक पल बन गया, जहां क्रिकेट और फुटबॉल का अनूठा संगम देखने को मिला। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मेसी का सम्मान करते हुए उन्हें एक बेहद खास तोहफा दिया। शाह ने मेसी को 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हस्ताक्षर वाला बल्ला भेंट किया, जिसे



पाकर मेसी भी मुस्कुरा उठे। इसके अलावा उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भी भेंट की गई। एक हाथ में फुटबॉल का जादूगर और दूसरे हाथ में क्रिकेट की विश्व विजेता टीम का बल्ला, यह दृश्य भारतीय खेल इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है।मेसी की चर्चा सिर्फ उनके खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी वित्तीय सुरक्षा भी होश उड़ाने वाली है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, लियोनेल मेसी के पास दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स इंश्योरेंस पॉलिसी में से एक है। उनके जादुई बाएं पैर का बीमा करीब 900 मिलियन डॉलर का है। अगर भारतीय मुद्रा में इसे बदला जाए, तो यह रकम लगभग 74 अरब रुपये होती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आम आदमी के लिए इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। मेसी का बायां पैर ही वह अस्त्र है जिसने उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनाया है, यही वजह है कि इसकी सुरक्षा के लिए इतनी भारी-भरकम रकम खर्च की गई है।मेसी के भारत आने पर फैंस को सबसे ज्यादा मलाल इस बात का रहा कि वे अपने चहेते खिलाड़ी को मैदान पर खेलते हुए नहीं देख सके। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि मेसी ने कोई दोस्ताना या प्रदर्शनी मैच क्यों नहीं खेला। इसका जवाब उनकी इसी भारी-भरकम इंश्योरेंस पॉलिसी में छिपा है। दरअसल, इतनी बड़ी बीमा राशि होने के कारण मेसी आधिकारिक मैचों के अलावा किसी भी अनौपचारिक या प्रदर्शनी मैच (E&hibition Match) में मैदान पर नहीं उतरते। इसके पीछे बड़ा वित्तीय जोखिम होता है। अगर किसी प्रदर्शनी मैच के दौरान वे चोटिल हो जाते हैं, तो इंश्योरेंस कंपनियां उस गेम को कवर नहीं करतीं। ऐसे में करियर पर खतरा और करोड़ों डॉलर के मुआवजे का नुकसान हो सकता है।

### मसूद नहीं संभालेंगे कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स पद

कराची (ए)। पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के दिये कंसल्टेंट इंटरनेशनल और प्लेयर्स अफेयर्स के पद को ठुकरा दिया है। मसूद को पीसीसी ने इस पद का प्रस्ताव दिया था पर वह इसे संभालने के लिए तैयार नहीं हैं। मसूद के अनुसार इससे वह राष्ट्रीय टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सकेंगे। पिछले माह पीसीबी ने मसूद को यह पद इस आश्वासन के साथ दिया था कि क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्हें डायरेक्टर का स्थायी पद मिलेगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने इस प्रकार का प्रस्तान दिया है।

वहीं कहा गया कि मसूद अपनी उच्च शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में जानकारी के कारण दोनों जिम्मेदारियों को साथ में निभा सकेंगे।

## मैच के बाद इस स्टार भारतीय ओपनर की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती



नई दिल्ली (आरएनएस) । जब क्रिकेट प्रेमी IPL ऑक्शन की हलचल में डूबे हुए थे, उसी दौरान भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को लेकर चिंताजनक खबर सामने आई। पुणे में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग मुकाबले के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।सूत्रों के अनुसार, मुंबई और राजस्थान के बीच खेले गए मैच के कुछ घंटों बाद जायसवाल को तेज पेट दर्द की शिकायत हुई। बताया जा रहा है कि मैच के दौरान ही उन्हें पेट में ऐंठन महसूस हो रही थी, जो खेल खत्म होने के बाद और गंभीर हो गई। इसके बाद उन्हें पिंपरी-चिंचवड़ स्थित आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस की पुष्टि की।23 वर्षीय बल्लेबाज को अस्पताल में ड्रिप के माध्यम से दवाइयां दी गईं। उनकी अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसी जरूरी जांचें भी कराई गईं।

## आईपीएल और पीएसएल कार्यक्रम टकराया

मुम्बई (ए)। साल 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीएसएल) से तारीखें टकरा रही हैं। इसका कारण है कि आईपीएल 26 मार्च से मई अंत तक खेला जाएगा। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी 11वां




सत्र अगले साल 26 मार्च से तीन मई तक रखा है। य पहली बार नहीं है जब पीसीबी ने इस प्रकार की तारीखें घोषित की है। पहले भीपीएसएल की तारीखें आईपीएल से टकराती रही हैं। ये लगातार दूसरी बार है जब यह आईपीएल के साथ ही पीएसएल भी खेला जाएगा। इससे उन खिलाड़ियों को नुकसान होगा जो आईपीएल में अवसर न मिलने पर पीएसएल में खेलते हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मार्च में पीएसएल के नये सत्र की घोषणा की है। आईपीएल भी इसी समय खेला जाएगा। नकवी ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान टीम के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जायेगा। पाकिस्तान को मार्च अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने हैं।

# आईपीएल में अवसर नहीं मिलने पर अन्य जगह संभावनाएं तलाशेंगे मैट शॉर्ट

सिडनी (ए)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और ऑलराउंडर मैट शॉर्ट ने कहा है कि अगर उन्हें आईपीएल में अवसर मिलता है तो वह खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं पर अगर उन्हें अवसर नहीं मिलता तो वह अन्य लीग्स में खेलने पर ध्यान देंगे। पंजाब किंग्स के लिए 2023 में खेलते हुए शॉर्ट ने अपनी क्षमता साबित नहीं कर पाए इसी कारण अगली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना था।



मैट शॉर्ट को 2023 में जॉनी बेयरस्टो की चोट के कारण रिप्लेसमेंट प्लेयर के रूप में पंजाब किंग्स में शामिल किया गया था। छह मैचों में खेलने के बावजूद उन्होंने कोई अर्धशतक नहीं बनाया और 19.50 की औसत के साथ कुल 117 रन ही जोड़ पाए। शॉर्ट ने माना कि लीग की प्रतिष्ठा के कारण तब वह दबाव ने उन्हें प्रभावित किया। शॉर्ट ने बताया, शायद मैं थोड़े जल्दी में आईपीएल में आया था। यह मेरा पहला विदेशी टूर्नामेंट था, सीधे आईपीएलमें खेलना बड़ा अनुभव था। वहीं कहा कि इस बार अवसर मिला तो वह खेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। शॉर्ट ने अपने खेल के मानसिक पक्ष पर भी काम किया है। डेविड रीड की मदद से उन्होंने ध्यान केंद्रित करना का भी अभ्यास किया है। उनके पास बिग बैश और दुनिया भर की अन्य प्रतियोगिताओं का अनुभव है। इससे मुझे दबाव को संभालने और विभिन्न परिस्थितियों में खेलने का आत्मविश्वास मिला है। अब अगर चुना गया, तो मैं पूरी तरह तैयार रहूंगा।शॉर्ट ने कहा कि यदि उन्हें अवसर नहीं मिलता है तो वह आगे के अवसरों की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक चीज़ नहीं होती, तो हम कुछ और खोज लेंगे। मैं ऑक्शन को देखूंगा और फिर परिणाम का इंतजार करूंगा।

## आईपीएल में सबसे महंगे बिके कैमरून ग्रीन एशेज में शून्य पर आउट हुए

एडीलेड (ए)। आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे बिके ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाये। ग्रीन को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने शिकार बनाया। तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी शुरु की पर उसके बल्लेबाज विफल रहे। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन केवल दो गेंद ही खेल पाये थे कि आर्चर की गेंद पर कैच हो गये। इस प्रकार ग्रीन का शून्य पर आउट होना प्रशंसकों के बीच चर्चा का मामला बन गया। आईपीएल नीलामी में मोटी रकम पाने के बाद प्रशंसकों को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, इसी कारण उन्हें अधिक निराशा हुई। ग्रीन को गत दिवस हुई नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। ग्रीन को लेकर केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में जमकर बोली लगी थी। सीएसके ने 25 करोड़ रुपये तक बोली लगाई थी पर अंत में केकेआर को सफलता मिली। केकेआर ने नीलामी के बाद एक वीडियो भी जारी किया।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने टिमरनी नर्मदापुरम बाबई सोहागपुर पिपरिया गाड़रवाड़ा करेली मार्ग को फोरलेन करने की मांग की




नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात दबाव एवं जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए नर्मदापुरम-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को सदन में प्रमुखता से उठाया और टिमरनी-नर्मदापुरम-बाबई-सोहागपुर-पिपरिया-गाडरवारा-करेली मार्ग को फोर लेन किए जाने की मांग लोकसभा सदन के समक्ष रखी। लोकसभा सदन में नियम 377 के अंतर्गत सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने देश के प्रत्येक किसान के खेत को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के उद्देश्य से खेत सड़क योजना प्रारंभ किए जाने का विनम्र आग्रह किया। इस महत्वपूर्ण पहल से किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, कृषि उपज के परिवहन में तेजी आएगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त मजबूती प्राप्त होगी।

# माखन चोरी एवं गिरिराज धरण की सुंदर झांकी ने श्रद्धालुओं को किया भाव विभोर

## जैसे ही श्रीकृष्ण ने अपना मुंह खोला तो पूरे ब्रह्मांड के दर्शन हुए-आचार्य पं मिश्रा

नर्मदापुरम (निप्र)। गीता मैरिज पैलेश मे जारी श्रीमद् भागवत कथा में सभी भक्तों को आचार्य अविनाश मिश्रा द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। आचार्य श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन मन धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते.करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती हैं। इस बात से हमको शिक्षा लेने की जरूरत है कि सभी को गौ माता की सेवाएं गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा



खोल मुख माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर.अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश दिशाएं पहाड़ द्वीप समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी बहने वाली वायु वैद्युत अग्नि चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिमण्डल जल तेज अर्थात प्रकृति महतत् व अहंकार देवगण इन्द्रियां मन बुद्धि त्रिगुण जीव काल कर्म प्रारब्ध आदि तत्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है उसमें जम्बूद्वीप है उसमें भारतवर्ष है और उसमें यहब्रज ब्रज में नन्दबाबा का घर घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीलाएं फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जय घोष के साथ झूमकर नृत्य किया । कथा श्रवण करने के लिए भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला लोकेश तिवारी बंदना दुवे सागर शिवहरे रुपेश राजपूत सुंदरम अग्रवाल प्रसन्न हरने केशव उर्मिल पंडित दिनेश तिवारी संजीव मिश्रा भारत तिब्बत समन्वय संघ के वीरेंद्र पटेल दीपक वर्मा श्रीमती कीर्ति वर्मा प्रीति चिरागानिया कथा वाचक नरेंद्र शास्त्री जगन्नाथ मंदिर के महंत भारत विकास परिषद के संरक्षक डीएस दांगी अध्यक्ष अमन दुवे सनाढ्य सभा अध्यक्ष रामकुमार गुबरेले सचिव राजकुमार दुवे सहित बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## एनडीए सांसद समन्वय समूह की बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया सम्मिलित हुई



नर्मदापुरम(निप्र)। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु की अध्यक्षता में 22, अकबर रोड स्थित आवास पर एनडीए कोऑर्डिनेशन कमेटी (एनडीए सांसद समन्वय समूह) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया भी उपस्थित रहीं।बैठक के उपरांत राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने नागरिक उड्डयन मंत्री को दिल्ली-भोपाल हवाई मार्ग पर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के मध्य अतिरिक्त उड़ान सेवा प्रारंभ किए जाने के संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इस समयावधि में उड़ान सेवा उपलब्ध होने से यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। इस पर मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने मांग पर अध्ययन कराकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने ली बैठक



नर्मदापुरम(निप्र)। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश श्याम टेलर के जिले में प्रवास को लेकर जिलाध्यक्ष भाजपा प्रीति शुक्ला ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करवाई। बैठक में उपस्थित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष 21 दिसंबर को सायं 06 बजे पिपरिया पहुंचेंगे जहां मोर्चा कार्यकर्ता एवं भाजपा जन विभिन्न स्थानों पर अध्यक्ष का स्वागत करेंगे स्वागत उपरांत रात्रि विश्राम पिपरिया में होगा तथा 22 दिसंबर को युवाओं से संवाद एवं वरिष्ठों से भेंट कर प्रदेशाध्यक्ष शोभापुर, सेमरी, सोहागपुर, माखन नगर होते हुए नर्मदापुरम पहुंचेंगे।नर्मदापुरम पहुंचने से पूर्व उपरोक्त सभी स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत होगा। नर्मदापुरम नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत पश्चात भाजपा कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व एवं युवा साथियों की उपस्थिति में मंचीय कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ सेठानी घाट पर नर्मदा पूजन करेंगे। श्रीमति शुक्ला ने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए जोरदार तरीके से अनुशासन के साथ कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु मार्गदर्शन दिया। बैठक में जिला महामंत्री द्वय मुकेश मैना ज्योति चौरे जिला उपाध्यक्ष एवं भाजयुमो प्रभारी लोकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष द्वय सागर शिवहरे रूपेश राजपूत जिला मंत्री गोविंद राय कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित सह मंत्री वंदना दुबे जिला संयोजक गजेंद्र चौहान प्रशांत तिवारी मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल विशाल दीवान विक्की राठौर राजकुमार चौकसे घनेन्द्र राने हरि यादव सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# रोजगार स्वरोजगार मेला में 164 युवा हुए लाभान्वित

### श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखननगर में रोजगार मेला सम्पन्न 449 युवाओं ने लिया हिस्सा, 152 का हुआ प्राथमिक चयन





नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्र व प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में माखन नगर स्थित श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में 17 दिसम्बर को आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल समापन हुआ। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले में मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मनीष चतुर्वेदी एवं समस्त जनप्रतिनिधि द्वारा हितग्राहियों को ऋण प्रमाणपत्र वितरित किए। मेले में नर्मदापुरम के एसडीएम विजेंद्र सिंह रावत ने छात्र-छात्राओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तहसीलदार डॉ सुरेखा यादव ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए रोजगार सृजन की दिशा में मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी सीएस राजपूत डॉ प्रेमा अरविंद; मेडिकल ऑफिसर कमलेश ठाकुर देवी सिंह राजपूत राजेंद्र सिंह राजपूत नरेश मलिक उमेश तिवारी पत्रकार तथा जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक प्रकाश कुमार इंदौरे सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। तथा जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम धर्मेश तिवारी प्लेसमेंट ऑफिसर के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण रोजगार मेले सफल आयोजन हुआ एवं अजय मेहरा डॉ अमिताभ शुक्ला डॉक्टर क्षमा मेहरा मंच संचालन डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं डॉक्टर मनीष शर्मा के द्वारा किया गया। डॉ राजकुमार पटवा डॉक्टर आकांक्षा यादव पंजीयन काउंटर पर पंकज बैरवा मंजू मेहरा सुषमा यादव डॉ संगीता मिश्रा कुमारी शिवानी मालवीय डॉ कविता दुबे संध्या गोलियां डॉ सुमन अवस्थी एवं अशोक मेहर सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉप उपस्थित रहे। रोजगार मेले में कुल 449 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 12 निजी कंपनियों और 5 शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर रोजगार के अवसर प्रस्तुत किए। प्राथमिक चयन के आधार पर 152 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जबकि स्वरोजगार योजना के तहत 12 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। इस प्रकार कुल 164 छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला। स्वास्थ्य विभाग ने मेले में 65 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की।

# क्या मंत्री या कोई भाजपा नेता क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की गडबड़ी में सुधार कर पाएंगे ?


नर्मदापुरम (निप्र)। संभाग मुख्यालय के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अर्थात आरटीओ में होने वाली गड़बडी में सुधार के लिए क्या विभागीय मंत्री, प्रभारी मंत्री या कोई बड़े भाजपा नेता सुधार कर पाएंगे। क्योंकि यहां पर जो मनमानी हो रही है। उससे जरूरतमंद व्यक्तियों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। यहां पर मनमानी इतनी अधिक हो रही है कि सरेआम कार्यालय से बाहर के लोग आकर कार्यालयीय कार्य कर रहे हैं। कार्यालय के कर्मचारियों से वह कार्य नहीं कराते हुए हैं। बाहर के ऐसे लोग जो परिवहन विभाग में नहीं है वह कार्यालय के कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस बात से कार्यालय के बाबू मन मसोस कर रह जाते हैं क्योंकि आरटीओ में होकर वे कोई कार्य नहीं कर पा रहे हैं। यहां पर अनेक लोग अपने कार्यों के लिए चक्कर लगाते हुए नजर आ रहे हैं। यहां कार्यालय में इतनी मनमानी है कि किसी का कोई खौफ ही नहीं है। यहां के बाबू और एजेंट जो कार्य करते थे उस कार्य को किसी अन्य बाहरी व्यक्ति से कराए जाने से इस कार्यालय को लेकर तरह तरह की चर्चाओं का दौर जारी है। कार्यालय के लिपिक और एजेंटों के मन में भय व्याप्त है। साथ ही कार्यालय में अपना कार्य कराने के लिए आने वाले जरूरतमंद भी डरे हुए रहते हैं। क्योंकि उनसे ही ठीक से बात नहीं की जाती है। कार्यालय परिसर के पीछे के कक्ष में बैठने वाले बाहरी व्यक्ति की यहां पर खूब चल रही है। वह शोरूम से खरीदे गए वाहनों से संबंधित कागजात तैयार करता है। उसके एवज में उसका अच्छा खासा भला हो रहा है। इस बात की जानकारी भाजपा के अनेक नेताओं के पास पहुंच चुकी है। विभागीय मंत्री के कान तक भी इस बात की जानकारी भाजपा के ही अनेक लोग दे चुके हैं। अब मंत्री को या फिर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल आरटीओ कार्यालय से संबंधित सभी जानकारी देने के लिए जाने वाला है। उससे पहले आरटीओ के दफ्तर में सुधार की संभावना कहीं दूर तक नजर नहीं आ रही है। यह सवाल उठ रहा है कि कक्या मंत्री या कोई भाजपा नेता क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में हो रही गडबड़ी में सुधार कर पाएंगे ?

# स्वास्थ्य शिविर लगा कर पेंशनर्स का सम्मान कर पेंशनर्स डे मनाया



नर्मदापुरम (निप्र)। भारत पेंशनर्स समाज एवं कर्मचारी अधिकारी पेशनर्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में पेंशनर्स डे का आयोजन दुर्गा मंदिर हाउसिंग बोर्ड के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा एल एल शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीतू यादव अध्यक्ष, की विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद निर्मला हंस राय श्रीमति बंदना शर्मा यूएस श्रोती, विजय सिंह राठौर गिरी मोहन गुरू जेपी मालवी एनके तिवारी उपस्थित रहे। भारत पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने बताया की स्वास्थ्य शिविर में 105 मरीजो का स्वास्थ्य परिक्षण हुआ आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा दवाईयो का वितरण किया गया। शिविर में डा उमंग अग्रवाल, डा विभोर दुबे, डा विशाल गुप्ता, डा आदर्श राजपूत, डा आयुषी राजपूत, डा एपी त्रिपाठी डॉ. श्री राम कंजोटिया डॉ श्रीमति सविता पुस्कर मति साधना कहार एवं श्रीमति पूजा कराटे ने सेवाये प्रदान की। कार्यक्रम में अतिथि द्वारा 80 वर्ष से अधिक पेशनर्स एएस राजपूत श्याम विहारी शर्मा नंद किशोर तिवारी व्ही के तिवारी शंकर लाल यादव, पहलवान समाजसेवी रंजीत सिंह राजपूत, शिवकुमार मिश्रा कुसुम मिश्रा लक्ष्मी कांत तिवारी जगदीश दुबे अश्वनी तिवारी रघुनंदन चौरे सुरेन्द्र सिह भदोरिया नेपाल सिंह ठाकुर रोशन सिंह राजेश चौरे दशरथ तिवारी नित्य गोपाल कटारें का सम्मान जन प्रतिनिधी द्वारा किया गया। प्रभात पांडे एवं केएन मिश्रा ने पेंशनर्स की केन्द्र एवं प्रदेश स्तरीय लंबित मांगों पर प्रकाश डालते हुए मांगो के निराकरण की माँग रखते हुऐ ज्ञापन सौंपा। भारत पेंशन समाज एवं पेंशनर्स महासंघ ने अतिथियों का साल श्री फल से स्वागत किया। चिकित्सकों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मुख्य अतिथी ने समस्याओ के निराकरण करने हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। संचालन भारत पेंशनर्स समाज के संभागीय अध्यक्ष राजेश चोरे द्वारा किया गया। जे पी मालवी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारतीय पेंशनर समाज के अधिकाधिक सदस्य मौजूद रहे।

# समेरिटंस में कौशल विकास कार्यशाला आरम्भ



नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में बुधवार से बच्चों के लिए कौशल विकास कार्यशाला का आरंभ किया गया। कार्यशालाएं आगामी 29 दिसंबर तक चलेंगी। इस दौरान बच्चों को विभिन्न रोजगारमूलक विषयों का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने बताया कि सीबीएसई के नियमों और गाइड लाइन के अनुसार उक्त कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है।

इस कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को कहानी कविया लेखन कसीदाकारी कढ़ाईए बागवानी एआई ग्राफिक डिजाइनिंग हस्तशिल्प मास कम्युनिकेशन मोती की खेती मशरूम उत्पादन सहित अन्य विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों का परीक्षण किया जाएगा कि उन्होंने इस दौरान कितना व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस कार्यशालाओं में श्रेष्ठ सहभागिता निभाने वाले बच्चों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा और भविष्य में उन्हें अगले स्तर का प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य देश की सरकार की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। ताकि बच्चों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

### आज की कार्यशालाएं

कार्यक्रम के तहत बुधवार को ग्राफिक नावेल की कार्यशाला मुस्कान राज ने ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों को विषय की आधारभूत जानकारी दी। इस दौरान बच्चों से कार्य भी कराया गया। एक अन्य विषय हस्तशिल्प की कार्यशाला में विशेषज्ञ मुक्ता राज ने बच्चों से विभिन्न सजावटी समान बनवाया। इस के अलावा योग प्रशिक्षक अमरीश गोस्वामी ने जीवन में योग की महत्ता बताई। सभी प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर कार्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। उक्त आदेश अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजीव रंजन पाण्डेय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) के अंतर्गत पारित किया गया है।जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा, जिसमें आयोजक सहित अधिकतम पाँच व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। अनुमत पाँच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य का परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बिना पुलिस को सूचना दिए कोई सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी तथा सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस करना वर्जित रहेगा।

## सेंट्रल बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों को 90 लाख रुपये की प्रथम बैंक लिंकेज राशि का वितरण

*नर्मदापुरम (निप्र)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बनखेड़ी विकासखंड में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को प्रथम बैंक लिंकेज के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की। इस कार्यक्रम में कुल 18 समूहों को 90 लाख रुपये की ऋण राशि वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (LDM) आर.डी.वाघेला उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बनखेड़ी ने की। कार्यक्रम में NRLM के प्रतिनिधि दुर्गेश अहिरवार और मानेंद्र राजपूत, सेंट्रल बैंक बनखेड़ी के शिवराज तथा बैंक व आजीविका मिशन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। वित्तीय साक्षरता पर आरोह फाउंडेशन के कमलेश और देवेंद्र ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत के महत्व पर विस्तृत चर्चा की।*

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com